# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025







# अपनी जीत पर हैरानी नहीं, हार पर लगाया ब्रेक बनीं मेयर और अब कोरबा को संवारने का सपना

रायपुर। कोरबा की मेयर संजू देवी राजपूत का कहना है, जनता ने उन पर भरोसा किया और इस बार भाजपा की हार पर विराम लगा। भाजपा जीती और वे मेयर बनीं। राजपूत ने कहा, उनका सपना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस तरह देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने प्रयासरत हैं, ऐसा ही हम कोरबा को संवार सकें। चुनौतियों पर उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दस साल में यहां कोई काम नहीं किया। अब हम सब मिलकर शहर की समस्याओं को दूर कर इसे सुंदर बनाएंगे। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नए मेयर, नई बात की इस कड़ी में संजू देवी से विस्तार से बातचीत की और कोरबा के संदर्भ में उनके विचारों को जाना। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश-

**सवाल - जीत को लेकर आप कितनी अचंभित हैं, क्योंकि भाजपा लगातार यहां से हार रही थी?**

जवाब - हैरत की कोई बात नहीं थी। एक साल से विष्णुदेव साय सरकार की योजना थी। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने 13 महीने में ही 140 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दे दी। जनता ने देखा कौन विकास का काम करा सकते हैं, इसलिए भरोसा था जनता चुनेगी।

**सवाल - लोकसभा का चुनाव सरोज पांडेय यहां से हार गई थीं, तमाम बातों के बावजूद?**

जवाब - कोरबा विधानसभा क्षेत्र से सरोज पांडेयजी की लीड 51 हजार की थी। लेकिन हार तो हुई है, जिसकी समीक्षा भी हुई है।

**सवाल - कोरबा में सभापति का चुनाव भाजपा प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल नहीं जीत सके?**

जवाब - वह तो नेताओं ने नहीं, पार्षदों ने चुनाव किया था, उनके मन में क्या था, यह तो उनसे एक-एक करके पूछने से ही पता चलेगा।

**सवाल - कोरबा में लोग अच्छे खासे लोगों को निपटा देते हैं। आखिर आप कैसे सभी का समर्थन पाने में सफल रही हैं ?**

जवाब - भारतीय जनता पार्टी एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान देती है। जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाती है, इसलिए आगे बढ़े हैं और सब इसलिए खुश थे।




**सवाल - जनता कैसे राजी हुई, भाजपा तो पहले भी प्रत्याशी उतारती थी?**

जवाब - जनता भी मुझे प्रत्याशी बनाने से खुश थी। मैं पार्षद के रूप में और पार्टी पदाधिकारी के रूप में जनता के पास जाती रही थी। इसलिए जनता ने जमीन से जुड़ी कार्यकर्ता को चुनकर खुश हुई।

**सवाल - कोरबा नगर निगम के सामने क्या हैं चुनौतियां ?**

जवाब - कांग्रेस ने 10 साल में कोई काम ही नहीं किया। विकास के काम नगर निगम में नहीं हुए। नालियां, सड़क, बिजली की व्यवस्था नहीं।

**सवाल - मंत्री लखनलाल देवांगन जी ने क्या किया ? सवा साल से कोरबा के लोग रो ही रहे हैं ?**

जवाब - नहीं रो रहे हैं। हमारे उद्योग मंत्री 140 करोड़ रुपए की सौगात दिए हैं। सारे काम उनकी ही देन है। अब मिलकर काम कर रहे हैं।

**सवाल - महापौर के रूप में अब क्या करने का इरादा है ?**

जवाब - 13 महीने में लखनलाल देवांगन जी ने जो व्यवस्था बनाई है, उसी के अनुरूप काम करेंगे।

**सवाल - महापौर कौन रहने वाला है, लखनलाल देवांगन जी के भाई भी नगर निगम की राजनीति करते हैं तो कौन रहेगा ?**

जवाब - कोरबा विधानसभा में विधायक हैं देवांगनजी और हम महापौर हैं तो दोनों मिलकर काम करेंगे।

**सवाल - और भैया के भैया की क्या स्थिति है ?**

जवाब - ठीक है उनका, भाजपा में सब एक ही हैं, चाहे मैं हूं या अन्य नेता।

**सवाल - भाजपा में सभापति को लेकर जो हुआ उससे आप कितनी आशंकित हैं ?**

जवाब - मैं क्यों भविष्य से परेशान हूं। महापौर का काम अलग है। हम तो काम करेंगे, हमारे लिए हर पार्षद बराबर।

**सवाल - भाजपा को अंगूठा दिखाने वाला सभापति, मुश्किल नहीं है ?**

जवाब - सब पार्षद साथ हैं, कोई दिक्कत नहीं होगी।

**सवाल- कोई सपना कोरबा के संदर्भ में ?**

जवाब - मोदी जी का सपना रहा है देश स्वच्छ और सुंदर रहे, यही इच्छा है कोरबा स्वच्छ और सुंदर हो।

# पारा 40 पार... जारी रहेगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मार्च अंत से पहले ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को रायपुर का तापमान 40 डिग्री पार कर गया। इस वर्ष यह पहली बार है, जब पारा 40 डिग्री के ऊपर चढ़ गया। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा, जो सामान्य से मात्र 0.4 डिग्री ज्यादा है। अधिकतम तापमान के न्यूनतम तापमान से लगभग दोगुने होने के कारण लोगों को एक ही दिन में कई तरह के ताप से गुजरना पड़ रहा है। इसके चलते स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें भी बढ़ी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण निर्मित हुई है। एक पश्चिमी विक्षोभ 5.8 किलोमीटर ऊंचाई में 62 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर बने रहने की संभावना है। इसके बाद अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। दो दिन बाद 30 मार्च को अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है। फिलहाल प्रदेश का मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

## पूछताछ के आधार पर सीबीआई के अफसर जांच की दिशा तय करेंगे

# महादेव सट्टे में जेल में बंद खिलाड़ियों से भी पूछताछ करेगी सीबीआई

**जेल में बंद आरोपियों से सीबीआई के अफसर पूछताछ कर सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों को साफ तौर पर निर्देशित किया है कि वे पूछताछ के लिए जरूरत पड़ने पर सीबीआई कार्यालय उपस्थित हों। साथ ही उन्हें बगैर जानकारी दिए अपने क्षेत्र से बाहर नहीं जाने निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अफसरों ने छापे की कार्रवाई के दौरान चारों आईपीएस अफसरों से कार्रवाई के दौरान उनके घरों में प्रारंभिक पूछताछ की है। प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर सीबीआई के अफसर आईपीएस अफसरों को अलग-अलग तिथियों में पूछताछ के लिए सीबीआई कार्यालय तलब करेंगे।

सीबीआई ने भाजपा के पेशे से अधिवक्ता नरेश गुप्ता की शिकायत के साथ ही ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चालान की कॉपी का अध्ययन करने के बाद ही छापे की कार्रवाई की है। छापे में सीबीआई ने ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश कुछ पार्ट को ही शामिल किया है, इस लिहाज से सीबीआई के अफसर जेल में बंद महादेव सट्टा एप के आरोपियों की आने वाले दिनों में रिमांड हासिल कर अलग से पूछताछ कर सकते हैं।

सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक जिन अफसरों के ठिकानों में बुधवार को छापे की कार्रवाई की गई, उनकी पोस्टिंग भले ही छत्तीसगढ़ में है, लेकिन वे मूल निवासी किसी दूसरे राज्य के हैं। ऐसे में सीबीआई की टीम संबंधितों के मूल ग्राम जाकर उनकी संपत्तियों की जांच करेगी। साथ ही सट्टा एप से जुड़े लिंक के बारे में जानकारी जुटाएगी। इसके साथ ही भोपाल, दिल्ली, कोलकाता में की गई छापे की कार्रवाई को सीबीआई के अफसर एक दूसरे के साथ साझा करेंगे। साथ ही पांच साल पूर्व की चल-अचल संपत्तियों की जांच करेंगे। ईओडब्लू ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसके मुताबिक महादेव सट्टा के प्रमोटर्स सहित सट्टा एप के प्रमुख आधार 16 लोगों ने दुबई में अपना ठिकाना बना लिया है। इनमें प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर के साथ ही पिंटू उर्फ शुभन सोनी, रवि उप्पल के साथ हेड ऑफिस की जिम्मेदारी संभाल रहे भिलाई निवासी रोहित टिर्की, गुजरात निवासी राघव गौतम के साथ ही शुभम के भाई




गौरव सोनी, हरिश पेद्दी, हेमंत बारा, अभिषेक सिंह का नाम शामिल है। इसके अलावा एकाउंट की जिम्मेदारी संभाल रहे रायपुर निवासी चंद्र कुमार रूपवानी, महाराष्ट्र का रहने वाला अमित तथा उसका भाई अंकित शाह, दिल्ली निवासी रोहित गुलाटी, भिलाई निवासी सौरभ आहूजा तथा भोपाल निवासी विशाल तथा उसका भाई धीरज आहूजा। सीबीआई इनसे जुड़े लोगों की जांच कर सकती है।

### कैसे पहुंचता था कमीशन, ईडी की जांच रिपोर्ट से समझें

महादेव सट्टा एप की कमीशन रकम संबंधितों तक कैसे पहुंचती थी, ईडी की जांच रिपोर्ट में उसका उल्लेख कुछ इस तरह से है।

- सौम्या चौरसिया - राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर - मनीष उपाध्याय
- डॉ. सूरज कुमार कश्यप - मुख्यमंत्री के तत्कालीन ओएसडी - प्रशांत त्रिपाठी, राहुल उप्पल, रोहित उप्पल
- अभिषेक माहेश्वरी - एएसपी (इंटेलिजेंस) रायपुर - कांस्टेबल संदीप दीक्षित, राहुल उप्पल, रोहित उप्पल, प्रशांत त्रिपाठी
- संजय ध्रुव - एएसपी दुर्ग - कांस्टेबल भीम यादव
- अभिषेक पल्लव - एसपी दुर्ग - कांस्टेबल भीम यादव
- प्रशांत अग्रवाल - एसएसपी रायपुर - एस. साहू
- आरिफ शेख - आईजी रायपुर - अभिषेक माहेश्वरी
- विजय भाटिया - कारोबारी - रोहित उप्पल, राहुल उप्पल

# हाईकोर्ट ने उद्यान से काटे गए पेड़ों की लकड़ी बेचने पर लगाई रोक



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने भिलाई स्थित स्मृति नगर कालोनी उद्यान में लगे 50 पेड़ों को काटे जाने के मामले में सुनवाई करते हुए काटे गए पेड़ों की लकड़ी बेचने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही संबंधित रेंज के डीएफओ और एसडीओ रेवेन्यू को मामले को देखकर अपने जवाब के साथ रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था जुनवानी भिलाई में अध्यक्ष एवं संचालक मंडल ने गार्डन में वर्षों से लगे हुए 50 पेड़ों को बिना अनुमति कटवा दिया। इस मामले की शिकायत स्थानीय निवासी और पार्षद मुकेश अग्रवाल ने डीएफओ फारेस्ट से की। इसमें बताया गया कि अध्यक्ष एवं संचालक मंडल द्वारा लालच और लाभ कमाने के उद्देश्य से स्मृति नगर के सड़क नंबर 2 व 3 के मध्य स्थित अम्बेडकर गार्डन व सड़क नंबर 4 व 6 के मध्य स्थित शंकराचार्य गार्डन में लगे लगभग 50 जीवित वृक्षों कहुआ, जामुन, नीम व करंज को कटवाकर गार्ड को पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। अनेक वृक्षों की कटी लकड़ियों को इन्होंने किसी अन्य जगह छिपाकर बेच दिया है। वृक्षों को काटने के लिए चाईनीज कटर मशीन का उपयोग किया गया है। यह पूरी संभावना है कि वे इस गार्डन को भूखण्ड बनाकर बड़े व्यापारियों को बेचना चाह रहे हैं। इस शिकायत के बाद भी समूचित कार्रवाई नहीं होने पर इन्होंने एडवोकेट संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई और याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि कालोनी स्मृति नगर में सोसायटी से संबंधित अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लिए बिना लगभग 50 पेड़ काट दिए हैं और वे उन्हें बेचने जा रहे हैं, जो कानून के अनुसार नहीं है। क्योंकि पेड़ों को काटने से पहले उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुमति लेनी होती है। शासन के अधिवक्ता ने कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे। तथ्यों और आरोप की प्रकृति को देखते हुए कोर्ट ने प्रतिवादी अध्यक्ष को अगले आदेश तक लकड़ी की बिक्री न करने का निर्देश दिया और संबंधित रेंज जिला वन अधिकारी डीएफओ के साथ-साथ एसडीओ रेवेन्यू को मामले को देखने और जवाब के साथ रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# भू-जल दोहन के मामले में बेमेतरा सबसे आगे, सुकमा सबसे कम



हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल दोहन की अवस्था 49.58 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय स्तर पर 63.33 प्रतिशत की तुलना में कम है। राज्य के चार जिले बालोद, बेमेतरा, धमतरी, दुर्ग में भू-जल दोहन की अवस्था 70 प्रतिशत से अधिक है। बालोद जिले का गुरुर ब्लॉक भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है, जहां भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे अधिक है, जबकि बेमेतरा जिला भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है। सुकमा जिले में भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे कम है। राज्य में धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति है। अब चार और ब्लॉक इस स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें बेरला, नवागढ़, बसना और पिथौरा शामिल हैं। भूजल विदों का कहना है कि राज्य में पहले 36 फीसदी भूजल का इस्तेमाल होता था, जो बढ़कर 49 फीसदी हो गया है। अभी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर सुधार की दिशा में काम नहीं किया गया, तो अन्य हिस्सों में भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 146 में से 116 ब्लॉक फिलहाल जलसंकट से दूर हैं। 22 को सेमी क्रिटिकल और 5 को क्रिटिकल माना गया है। गुरुर ब्लॉक में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन यह काफी नहीं है।

### 11 जिले सेमी क्रिटिकल

146 ब्लॉकों में से 38 ब्लॉकों में निष्कर्षण की अवस्था 30 प्रतिशत से कम है, 29 ब्लॉकों में विकास की अवस्था 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। 49 ब्लॉकों में 50 से 70 प्रतिशत के बीच है। केवल 30 ब्लॉकों ने 70 प्रतिशत से अधिक विकास की अवस्था प्राप्त की है। पूरे राज्य में निष्कर्षण की अवस्था केवल 49.5 प्रतिशत है। मूल्यांकन इकाइयों का वर्गीकरण- 146 ब्लॉकों में से 6 इकाइयों को 'महत्वपूर्ण', 24 इकाइयों को 'अर्ध-महत्वपूर्ण' और 116 इकाइयों को 'सुरक्षित' ब्लॉकों की श्रेणी में रखा गया है। ब्लॉकों की कोई 'अति-शोषित' और 'खारे' श्रेणियां नहीं हैं। बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी में क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक बांटे गए हैं। दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, और सूरजपुर जिले। शेष सभी उपइकाइयों को भूजल से सुरक्षित श्रेणी में रखा गया है

### क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक

गुरूर, धरसीवां ब्लॉक क्रिटिकल में हैं। बेरला, नवागढ़, बसना, पिथोरा, बरमकेला, धमतरी, बेमेतरा, साजा, बैथा, तखतपुर, कुरुद, धमधा, दुर्ग, पाटन,राजिम, मरकाटोला, कवर्धा, पंडरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, बालोद, नवागढ़ और पुसोर सेमी क्रिटिकल में हैं।

### भूजल के बेहतर प्रबंधन की दरकार

जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पानी की कमी नहीं है, लेकिन जल प्रबंधन को लेकर राज्य डेंजर जोन में आता रहा है। इसमें ग्राउंड वाटर, वाटर हार्वेस्टिंग और गंदे पानी की ट्रीटमेंट की कमी प्रमुख कारण रहे हैं। भूःजल स्रोतों को बचाने जनसहभागिता बढ़ानी होगी, उद्योगों में भी पानी के प्रबंधन पर फोकस, सिंचाई के नए तरीके, कम पानी की खपत वाली फसलों को प्रोत्साहन, वनीकरण रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर शेड्स तालाबों का निर्माण, डबरी का निर्माण, बहुत गहरे में जा चुके स्त्रोत से कम निकासी।

# गडकरी से मिले बृजमोहन, सड़क निर्माण से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर के लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर समेत पूरे राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़े कई महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और इनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

श्री अग्रवाल ने बताया, पूर्व में इन विषयों को लेकर संबंधित मंत्रालय को पत्राचार किया गया था, किंतु अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्होंने पुनः इन मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। चर्चा में राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण, रायपुर रिंग रोड-1 (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (शदाणी दरबार) एवं एक्सप्रेस हाईवे के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे पर अभनपुर-राजिम-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रॉसिंग पर इंटरचेंज सुविधा उपलब्ध कराना, रायपुर-दुर्ग एनएच. 53 मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का नवीनीकरण, रायपुर रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 जंक्शन तक निर्मित एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपने की प्रक्रिया, नागपुर-गोंदिया-बिरसी एयरपोर्ट (रावणबाड़ी) के लिए प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेसवे का विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (कमल विहार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, रायपुर-विशाखापत्तनम 4/6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भू-अर्जन मुआवजा प्रकरण का शीघ्र समाधान मुख्य है।

श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में सड़क अधोसंरचना के इन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर शीघ्र निर्णय लेकर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जानी चाहिए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से अनुरोध किया कि यदि इन विषयों पर मंत्रालय द्वारा कोई कार्रवाई की गई हो तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए और यदि कोई निर्णय लंबित है तो आवश्यक निर्देश जारी कर इन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए।

# मंत्री राजवाड़े से आश्वासन मिलने के बाद पर्यवेक्षकों ने खत्म की हड़ताल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों ने गुरुवार को पिछले लगभग 17 दिनों से जारी ऑनलाइन हड़ताल को खत्म कर दिया। पर्यवेक्षक संघ की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

पर्यवेक्षक संघ से प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार के नेतृत्व में प्रदेश सचिव जयश्री साहू, कोषाध्यक्ष याचना शुक्ला, सहसचिव आशा पात्रे, प्रीति बघेल, रायपुर जिलाध्यक्ष रेखा राजपूत और सदस्य अंजू तिर्की के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वेतन विसंगति, वेतनमान, पोषण ट्रेकर एप पर प्रशिक्षण, टीए आदि मांग पर मंत्री से चर्चा की। चर्चा के दौरान मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी उनकी मांगों से संबंधित फाइल शासन को भेजी गई हैं, और इस बार वे स्वयं वित्त मंत्री से चर्चा करेंगी। मंत्री से मिले आश्वासन के बाद पर्यवेक्षक संघ ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। उल्लेखनीय है कि अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के पर्यवेक्षक 10 मार्च से ऑनलाइन काम करना छोड़ दिए थे। इसके कारण एक अप्रैल से लागू होने जा रहा पोषण ट्रैकर एप की प्रक्रिया भी रुकी हुई है। इस एप के माध्यम से ही अब आंगनबाड़ी केंद्रों के सारे काम ऑनलाइन होंगे।

### चरणबद्ध पद्धति से होगा मूल्यांकन

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार हिंदी, इंग्लिश सहित गणित और विज्ञान के विषयों में भी स्टेप मार्किंग सिस्टम अपनाया जाएगा। हालांकि पूर्व में भी इस पद्धति से मूल्यांकन होता रहा है, लेकिन इस बार मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे उत्तर के जितने हिस्से सही हो, उतने अंक छात्रों को प्रदान करें। गणित विषय में भी यदि अंतिम उत्तर सही नहीं आता है तो छात्र ने जिस स्टेप तक प्रश्न सही तरीके से हल किया था, उस स्टेप तक छात्रों को अंक दिए जाएं।


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.03-05/Project/1006 Raipur, dtd.27.03.2025

सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी लिमिटेड के ग्राम–दर्री, तहसील–कोरबा, जिला – कोरबा (छ.ग.) स्थित कोयला आधारित हसदेव थर्मल पावर स्टेशन, के 1320 MW क्षमता विस्तार (स्टेज - IV, 2x660 MW) द्वारा वर्तमान 1340 MW (स्टेज - I, 2x210 MW + स्टेज - II, 2x210 MW + स्टेज–III, 1x500 MW) से 2660 MW करने हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा फाइल सं. J-13012/24/2004-IA.II(T) दिनांक 26-03-2025 के द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

संदर्भ हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पास उपलब्ध हैं तथा यह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट (https://parivesh.nic.in/) पर भी देखी जा सकती है। यह पर्यावरणीय स्वीकृति ईआईए अधिसूचना, 2006 तथा उसके संशोधन के प्रावधान के अंतर्गत प्रदान की गई है।

कार्यपालक निदेशक (परियोजना)
छ.रा.वि.उ.कं.लि. रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाए।



CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

No.-04-01/Trans./Works/ 4088 Raipur, dtd. 21.03.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/133, Rfx No.- 8100041503,** Construction of RCC Road over old existing WBM Road at 132/33 KV S/s Baikunthpur.; **NIT Value:-** Rs. 33.23 Lakhs **& EMD:-** Rs. 33,300/-, **Completion Period:-** 06 Months.**2. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/134, Rfx No.- 8100041770,** Sectionalisation of 132 KV main bus, shifting of 132 KV PT-I and construction of 132 KV transfer bus coupler-II bay at 220/132/33 KV S/s Siltara ; **NIT Value:-** Rs. 12.10 Lakhs **& EMD:-** Rs. 12,100/-, **Completion Period:**-03 Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/135, Rfx No.- 8100041792,** Construction of 02 Nos. 132 KV feeder bay for accommodating proposed 132 KV DCDS Semariya-Rasmada line at 220/132 KV S/s Semariya-; **NIT Value:-** Rs. 7.85 Lakhs **& EMD:-** Rs. 7,900/-, **Completion Period:-** 03 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/136, Rfx No.- 8100042104,** Construction of 01 No. 132 KV feeder bay for 2nd circuiting of 132 KV Mungeli-Pandariya line at 132/33 KV S/s Mungeli.; **NIT Value:-** Rs. 6.40 Lakhs **& EMD:-** Rs. 6,400/-, **Completion Period:-** 03 Months.**5. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/137, Rfx No.- 8100042213,** Extension of Control room building at 220/132/33 KV Sub-station Gerwani. ;**NIT Value:-** Rs. 32.84 Lakhs **& EMD:-** Rs. 32,900/-, **Completion Period:-** 06 Months.**6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/138, Rfx No.- 8100042238,** Construction of new 33 KV feeder bay at 132 KV S/s Dallirajhara under S/s Dn. CSPTCL,Rajnandgaon for the proposed BSP Mines S/s (3x5 MVA). ;**NIT Value:-** Rs. 8.44 Lakhs **& EMD:-** Rs. 8,500/-, **Completion Period:**-03 Months.**7.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/139, Rfx No.- 8100041353,** Renovation of damaged floor of control room building at 220/132/33 KV S/s CSPTCL, Raigarh. ;**NIT Value:-** Rs. 15.65 Lakhs **& EMD:-** Rs. 15,700/-, **Completion Period:-** 04 Months.**8.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/140, Rfx No.- 8100041381,** Internal & External painting of various type of residential quarters at 132 KV S/s Colony and 220 KV S/s Colony Raigarh. ;**NIT Value:-** Rs. 20.35 Lakhs **& EMD:-** Rs. 20,400/-, **Completion Period:-** 04 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 05 is Rs.5000/- (i/c GST), Sl.No.- 02, 03, 04, 06, 07, 08 is Rs.2000/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 21.04.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 22.04.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 23.04.2025 for Sl. No.- 05, 06; dt. 24.04.2025 for Sl. No.- 07, 08.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

SAVE ELECTRICITY

(K.S,Manothiya)
Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025


### 29 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे आईटी कार्यालय

**नई दिल्ली।** करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय 29 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सप्ताहांत और सोमवार को पड़ने वाली ईद-उल-फितर के बावजूद देश भर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आदेश में कहा, लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए समूचे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च 2025 को खुले रहेंगे।






## अभिषेक माहेश्वरी के राजनांदगांव, डोंगरगांव सहित रायपुर में जांच करने पहुंची

# सीबीआई ने अभिषेक के ठिकाने खोले, तीन मकानों में जांच, दो एसआई और दो जवानों को भी घेरा

*महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के बाद सक्रिय सीबीआई ने दूसरे दिन भी छापे मारे। टीम ने राज्य पुलिस के अधिकारी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी समेत पांच पुलिस कर्मियों के ठिकानों पर पड़ताल की। दरअसल, बुधवार को छापे के दौरान माहेवश्वरी अनुपस्थित थे, इसलिए सीबीआई ने उनके रायपुर, राजनांदगांव और डोंगरगांव आवास को सील कर दिया था। आज यहां उनकी उपस्थिति में आवास खोला गया। उनके अलावा दो एसआई व दो जवानों को भी सीबीआई ने घेरा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सीबीआई ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई पुलिस अफसर-कर्मियों के ठिकानों पर धावा बोला था। कई राज्यों में एक साथ छापा मारा गया था। दूसरे दिन सौम्या चौरसिया के करीबी माने जाने वाले जगदलपुर में तैनात पुलिसकर्मी सूरज कश्यप, भिलाई क्राइम ब्रांच के तत्कालीन एएसआई पूर्ण बहादुर टिर्की, एएसआई सम्मित मिश्रा तथा भिलाई, छावनी थाने में तैनात अमित दुबे के निवास पर सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। जिन एसआई तथा पुलिसकर्मियों के यहां सीबीआई ने दबिश दी है, उन सभी को शुक्रवार को अपना बयान दर्ज कराने रायपुर स्थित सीबीआई कार्यालय में तलब किया गया है। ▶▶|शेष पेज 5 पर



### और लोगों पर कसेगा शिकंजा

ईओडब्लू ने अपनी एफआईआर में महादेव सट्टे की रकम पहुंचाने वाले दो दर्जन से ज्यादा मनी कुरियर ब्वाय का उल्लेख किया है। सीबीआई ने मनी कुरियर करने वालों को अभी जांच के दायरे से बाहर रखा है। जिन लोगों के यहां सीबीआई ने बुधवार को छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों के यहां मिले इनपुट के आधार पर सीबीआई आने वाले दिनों में मनी कुरियर का काम करने वाले लोगों पर शिकंजा कस सकती है।

### ईडी और सीबीआई रेड पर षड्यंत्र

## भूपेश बोले, जिन लोगों ने महादेव सट्टा रोकने का काम किया, उनके यहां ही पड़ रहे छापे



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उनका आरोप है कि देशभर में भाजपा नेताओं के संरक्षण में महादेव सट्टा एप संचालित हो रहा है। हमारी सरकार ने उसे रोकने कार्रवाई की थी, जिस वजह से आज केंद्र सरकार के इशारे पर हम पर कारवाई की गई। साथ ही उन अधिकारियों पर कार्रवाई की, जिन्होंने महादेव सट्टा रोकने के ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### प्रदीप मिश्रा पर भी हो कार्रवाई

उन्होंने कहा, महादेव सट्टा चल रहा है, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पूरा संरक्षण है। कल छापेमारी करके केंद्र सरकार ▶▶|शेष पेज 5 पर

### छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना बंद रोज बच रहा 30 लाख अंडों का स्टॉक

# 1100 करोड़ अंडों का कुवैत जाना बंद, रेट वार में घट गए दाम

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

खास खबर

दक्षिण के राज्यों से हर माह 15 सौ करोड़ अंडे कुवैत जाते हैं, लेकिन कुवैत ने 60 ग्राम से कम वजन वाले अंडे लेना बंद कर दिया, तो अब 11 सौ करोड़ अंडों का जाना बंद हो गया। ऐसे में दक्षिण के राज्यों से देशभर में अंडों का स्टॉक भेजा जा रहा है, इससे रेट वार प्रारंभ हो गया और अंडों के दाम जमीन पर आ गए हैं। अपने राज्य में भी आंध्र प्रदेश के अंडों के आने के कारण यहां पर कीमत कम हो गई है। पोल्ट्री फार्म में इस समय अंडों की कीमत चार रुपए है, जबकि दुकानों में 4.50 से 5.00 रुपए में मिल रहे हैं। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि ▶▶|शेष पेज 5 पर



#### कुवैत जाना क्यों हुआ कम

*कुवैत में भारत से हर माह तीन सौ कंटेनर अंडे जाते हैं, एक कंटेनर में करीब पांच लाख अंडे होते हैं। यानी डेढ़ हजार करोड़ अंडों की खपत कुवैत में होती है। लेकिन अब कुवैत में अंडे कम जा रहे हैं। इसका कारण यह कि कुवैत वाले 60 ग्राम से कम अंडे नहीं ले रहे हैं। कुवैत से अब 60 से 70 ग्राम के अंडों की ही डिमांड है। ऐसे में अब एक माह में 80 कंनेटर ही जा रहे हैं तो देश में 11 सौ करोड़ अंडों का स्टॉक बच रहा है। इसी स्टॉक को दक्षिण के राज्य दूसरे राज्यों में खपा रहे हैं तो रेट कम हो गया है।*







## चिंतन

# बाहर से आने वालों पर कठोर निगरानी जरूरी

अमेरिका समेत दुनिया भर में जब अवैध प्रवासी को लेकर चर्चा गर्म है और हर देश अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों को बाहर करने के लिए प्रयासरत है, तब भारत में प्रवासन नीति को लेकर विधेयक पर चर्चा ध्यान खींचती है। आजादी के बाद से भारत बाहर से आने वालों को लेकर अधिक सख्त नहीं रहा है। इसका कारण है कि भारत से अलग हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा पड़ोसी नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान से लोग भारत आकर रहते-बसते रहे हैं। भारत बाहरी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित मुल्क रहा है, लेकिन आज स्थिति बदल रही है। गलत नीयत से आने वाले प्रवासी, अवैध नागरिक भारत के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। भारत के डेमोग्राफी में बदलाव की नीयत से, आतंकवाद, उपद्रव, अशांति फैलाने के उद्देश्य से लोग आने लगे हैं, जो भारत के लिए चिंता की बात है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान जवाब में दो टूक संदेश दिया है कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रहे, अशांति के लिए आने वालों से सरकार कठोरता से निपटेगी।' देखा गया है कि देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवाद, हिंसा, ड्रग्स तस्करी आदि में लिप्त रहे हैं, जो देश की शांति में खलल के कारण बन रहे हैं। भारत सरकार की प्रवासन नीति कठोरता और करुणा का मिश्रण है। नए विधेयक में प्रावधान है कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शांति व सुरक्षा के लिए यह नीति जरूरी है। भारत में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को यह जानने का अधिकार है। दुनिया के सभी देशों में बाहर से आने वालों के लिए कठोर नियम है। भारत भी इस दिशा में बढ़ रहा है, जो सकारात्मक है। भारत ने अभी तक शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और देश को किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भारत में आ रहे हैं। कालक्रम में अनेक लोग बसने के लिहाज से आए। लेकिन अब स्थिति बदली हुई है, अशांति फैलाने वालों को रोकना जरूरी है। चूंकि, पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। भारत के विकास में योगदान करने के लिए आने वाले देश के लिए असेट होंगे, लेकिन अस्थिरता व अशांति फैलाने कोई आएंगे तो उनसे कठोरता से निपटना जरूरी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए किस प्रकार सरकार के लिए संकट बने हैं यह किसी से छिपा नहीं है। भारत छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से नागरिकता दे रहा है। भारत को एक सुरक्षित और नागरिक विनियमन राष्ट्र के तौर पर स्थापित करना जरूरी है। नागरिकता को लेकर भारत की सॉफ्ट पावर की छवि को बदल कर कठोर निगरानी के साथ नियम आधारित बनाना ही चाहिए। नागरिकता पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला


# नशे के खिलाफ जंग लड़ता भारत

पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया। ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए।

आमतौर पर सिर्फ पंजाब के लिए कहा जाता है कि नशे की लत के कारण पूरा राज्य बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। इस सूची में गोवा, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर भी पीछे नहीं हैं। कहने वाले कहते हैं कि मणिपुर समस्या की सबसे गहरी जड़ नशे के कारोबार से जुड़ी है। पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया।

ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा, और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए। दरअसल अपराध की जो संगठित गिरोहबाजी है, उसमें सबसे बड़ी श्रृंखला नशे की कारोबारियों की है। किसी के पास यह निश्चित आंकड़ा नहीं है कि ड्रग्स सिंडिकेट का कारोबार कितना बड़ा है, लेकिन हर देश को यह अंदाजा जरूर है कि यह गैरकानूनी धंधा पूरे संसार में सबसे बड़ा है और हर देश इससे पीड़ित है और इसे खत्म करने के लिए जूझ भी रहा है। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े अफ़ीम बाज़ारों में से एक है। नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। नशे के कारण होने वाली मौतों की गंभीरता को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1995 में ऐसी मौतों के आंकड़े को अलग करना शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानें तो केवल 2024 में भारत में 16,914 करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए। कुछ देश ऐसे भी हैं जो इसको बढ़ावा भी दे रहे हैं, लेकिन संभवतः उनके यहां सिस्टम नाम की चीज नहीं है और इन पर एक तरह से अपराधियों का ही कब्जा है। दुनिया में पांच ऐसे बड़े देश हैं जहां नशे का कारोबार सबसे अधिक फैलता है। सबसे पहले नंबर पर ईरान है। उसके बाद अफगानिस्तान, फिर रूस, अमेरिका और ब्रिटेन भी। भारत कुछ चंद देशों में शामिल है, जो ड्रग्स सिंडिकेट के निशाने पर हमेशा रहा है। एक तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और दूसरे भारत की सीमाएं चीन,भूटान, नेपाल,पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ लगी होने से ड्रग्स डीलरों के लिए सबसे बड़ी और अपेक्षाकृत आसान मंडी भारत बन गया था। उस पर भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ परोक्ष युद्ध में नशे की खेप को भी एक हथियार बना रखा है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट तो चौंकाने वाली है। दिसंबर 2024 में गृह मंत्रालय के हवाले से यह खबर छपी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ भारत में नशे की खेप भेज



रहा है, बल्कि भारत की जेलों में बंद अपने हैंडलरों को खास संदेश देने के लिए नशेड़ियों को भारत में घुसपैठ भी करा रहा है। आज भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां नशे के सामान सबसे अधिक बेचे और इस्तेमाल किए जाते हैं। ड्रग माफियाओं से भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान हैं। अमेरिका में सबसे अधिक ड्रग एडिक्ट लोग रहते हैं, पर संतोष की बात यह है कि अन्य बड़ी समस्याओं की तरह भारत ने भी नशे की बीमारी को गंभीरता से लिया है और मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत की तरह नशा मुक्त भारत का भी अभियान छेड़ रखा है। क्योंकि नशे का कारोबार केवल हमें आर्थिक क्षति नहीं दे रहा, बल्कि पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। नशे में आदी लोग सामाजिक ताना-बाना को भी चोट पहुंचा रहे हैं। नशेड़ी मारपीट, चोरी, डकैती और कुछ हत्या तक के अपराधी हैं। केंद्र सरकार नशे की चपेट में आए लोगों के प्रति बेहद संजीदगी से पेश आ रही है।

मोदी सरकार की गंभीरता इसी से पता चलती है कि केंद्र सरकार अपने संसाधन से देश में 340 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र चला रही है। न केवल नशे की खेप को आने से रोकने के लिए रणनीतिक साझेदारी के साथ राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर चल रही है, बल्कि पीड़ितों के साथ भी मानवीय आधार पर नशामुक्ति का अभियान चला रही है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ इस काम में मानव संसाधन मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और समाज कल्याण मंत्रालय के साथ साथ राज्य भी भागीदारी कर रहे हैं। नशीले पदार्थ की एक पुड़िया भी बरामद होने के बाद नीचे से ऊपर तक की श्रृंखला को खोद निकाला जा रहा है। नशे का कारोबार चूंकि एक संगठित अपराध है, इसलिए इसका मुकाबला भी संयुक्त प्रयास से ही किया जा सकता है। केंद्र और राज्यों का समन्वय और इससे लगने की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में बहुत गंभीर हैं। अभी हाल ही में अमित शाह ने संसद के जरिए देश को बताया है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर एक चार स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर मैकेनिज्म की स्थापना की है, ताकि संगठित अपराधियों के खिलाफ काम करने वाली केंद्र एवं राज्यों की एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। सभी एजेंसियां एक ही दिशा में काम करें और रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके, इसके लिए एक वेब पोर्टल एनसीओआरडी लॉन्च किया गया है। इसी तरह से एक डेडिकेटेड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का भी गठन किया है। बीएसएफ और असम रायफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों को एनडीपीएस कानून के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ सर्च और सीजर का अधिकार दे दिया गया है। खुद नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड नेवी, कोस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में हमें बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। 2014 से लेकर 2024 तक एक करोड़ किलो ड्रग्स को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है। अमित शाह के कार्यकाल में अभी तक 6 लाख 56 हजार ड्रग्स के केस दर्ज हो चुके हैं। यह रिकॉर्ड 2014 से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। पर सच्चाई यह भी है कि ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं सका है। चोरी छुपे यह लोगों तक पहुंच ही जा रहे हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कही इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं जीत सकती, समाज और राज्यों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। यह ठीक भी है कि नशे के खिलाफ अभियान घरों की चौखट से शुरू होनी चाहिए। नशे की समस्या से निपटने में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रशिक्षित कर्मियों, विशेष उपकरणों, साइकोएक्टिव ड्रग्स व डार्क नेट-क्रिप्टो तक अनेक चुनौतियां भी हैं।

(लेखक पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)



दो टूक
डॉ. मोनिका शर्मा

# सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कई फैसलों पर लगाई है रोक

बीते दिनों आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश से आमजन हैरान-परेशान तो हुए ही, इस टिप्पणी का मुखर विरोध भी हुआ। ज्ञात हो कि अपनी टिप्पणी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया था कि 'किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।' देश के हर हिस्से में बसे लोगों ने इस फैसले का ना केवल विरोध किया बल्कि इसे असंवेदनशील भी माना। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दुष्कर्म संबंधी इस दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस टिप्पणी पर रोक लगा दी है। ध्यातव्य है कि सुप्रीम अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश में की गयी कुछ टिप्पणियों को पूरी तरह से 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण वाली' माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन ये टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं। इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं, जिनमें कहा गया था कि 'महज ... पकड़ना और पायजामे का नाड़ा ... बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता'। गौरतलब है कि पहले इसी मामले में फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। ऐसे में पूरे देश में आक्रोश, चर्चा और चिंता का विषय बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का यह हस्तक्षेप जरूरी और विचारणीय है। देश में बाल शोषण और दुष्कर्म के आंकड़े सचमुच चिंतनीय हैं। यह मामला भी 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से जुड़ा है। असल में बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों को स्पष्टता से समझना मुश्किल होता है। अधिकतर मामलों में तो अपने ही बाल शोषण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देते हैं। नाबालिग बच्चों के मामले में तो दुर्व्यवहार की सीमा और स्थिति का आकलन और मुश्किल हो जाता है।

यही वजह है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी घटनाओं में पहले भी न केवल ऐसे निर्णय आए हैं बल्कि उच्चत्तम न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप भी किया गया है। 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा भी यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़ित के निजी अंगों को स्किन टु स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट) में अपराध नहीं मान सकते। ध्यातव्य है कि इस फैसले को सुप्रीम अदालत ने पलटते हुए कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। बीते साल मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक मामले को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि बच्चों की अश्लील वीडियो देखना पोस्को और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो पर मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बच्चों की अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना, देखना और उसे अपने पास रखना अपराध है। असल में बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में मंशा ही सबसे अहम है। वैचारिक मोर्चे पर नकारात्मकता की दस्तक ही व्यवहार की बर्बरता के रूप में सामने आती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सामाजिक परिवेश से लेकर स्कूल और पारिवारिक माहौल तक, बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार की सोच रखने वाले करीबी अपने ही होते हैं। परिचितों- अपरिचितों की सोच की दिशाहीनता ही ऐसे वाकयों का कारण बनती हैं। इतना ही नहीं, अश्लील सामग्री देखना और अपने पास रखना भी कुत्सित सोच से ही जुड़ा है। न केवल ऐसी सामग्री को देखकर बच्चों के साथ बर्बरता करने के मामले सामने आ चुके हैं बल्कि ऐसा कंटेन्ट बनाने के लिए भी बच्चों का शोषण किया जाता है। ऐसे में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों से जुड़ीं न्यायिक टिप्पणी महत्वपूर्ण होती हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट जैसे आदेश ना केवल नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों का दुस्साहस बढ़ाते हैं बल्कि इनके संदर्भ भावी घटनाओं से जुड़े निर्णय को भी प्रभावित करते हैं। नई पीढ़ी के लिए बढ़ती असुरक्षा और अविश्वास के परिवेश में न्यायिक निर्णयों में स्पष्टता और संवेदनशीलता आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## नव वर्ष की तैयारी



गुड़ी पड़वा त्यौहार से पहले ठाणे के एक बाजार में शक्कर की माला को निहारती एक महिला। गुड़ी पड़वा का वसंत त्योहार मराठी और कोंकणी हिंदुओं के लिए नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *- दिनेश यादव, कांकेर*

## करंट अफेयर

# शिशु मृत्यु दर रोकने में भारत की अहम भूमिका

विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है।



मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि 'राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि 'अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।'

## ऑफ बीट

# गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक

प्रारंभिक बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र



में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है। यह मस्तिष्क संरचना में अंतर, खराब अनुभूति, व्यवहार संबंधी समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों से भी जुड़ा है। इससे पता चलता है कि सभी बच्चों को जीवन में समान अवसर देना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जब तक असमानता को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए जाते, साइकोलॉजिकल मेडिसिन में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, एक कम लागत वाली गतिविधि दिखाता है जो कम से कम मस्तिष्क पर गरीबी के कुछ नकारात्मक प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है।

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि अर्पित




श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण और सामाजिक असमानताओं के उन्मूलन के लिए काम किया। करुणा और एकता पर उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं।
-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### सम्मान देने की प्रतिबद्धता



दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने की प्रतिबद्धता को साकार किया। 60-69 वर्ष की आयु के नागरिकों को 2,500 व 70+ आयु के नागरिकों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के ख़िलाफ़ युद्ध



पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख़्शा नहीं जाएगा।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### डेटा एनालिटिक्स



प्लांट साइंटिस्ट डॉ. स्मिता हेज ने डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कम बजट में मैंगलोर में पेड़ों का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया। बेंगलुरु को इस तरह की परियोजना शुरू करनी चाहिए।
- किरण मजूमदार, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## ये मैदान नहीं इंद्रावती नदी है...



### किसानों के साथ पूरे बस्तर की समस्या है

वास्तव में इन्द्रावती नदी के सूखने से नदी किनारे रहने वाले गांव के किसान और ग्रामीण फसल के बर्बाद होने से चिंतित है। सरकार और पार्टी इन्द्रावती जल संकट को लेकर गम्भीर है। इस समस्या के निराकरण के लिए हर स्तर पर पहल की जाएगी। यह समस्या केवल किसानों की नहीं बल्कि पूरे बस्तरवासियों की है, क्योंकि फसल के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था भी इन्द्रावती पर निर्भर हैं।

- **किरण देव,** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक

# इन्द्रावती हाईजेक, ओडिशा में रुका पानी, सूखी नदी को बच्चों ने बनाया क्रिकेट का मैदान

**छत्तीसगढ़ और ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार होने से नदी समस्या के सुलझने के आसार**

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

बस्तर की जीवनदायिनी इन्द्रावती नदी इस समय खतरे में है। हालत यह है कि सूखी इन्द्रावती की रेतीली जमीन पर बच्चे और युवा क्रिकेट और वॉलीबॉल खेल रहे हैं। ओडिशा से निकली इन्द्रावती नदी बस्तर के लोगों के लिए हमेशा से जीवनदायिनी रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ और ओडिशा मे हमेशा से अलग-अलग दल की सरकार होने से इन्द्रावती जल संकट का समाधान अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से लगभग पांच दशक बाद भी नहीं सुलझ पाया है। नदी के पानी का ज्यादा हिस्सा ओडिशा इस्तेमाल कर रहा है। जो हिस्सा बस्तर पहुंचता है, वह भी इस गर्मी सूख चुका है, जिसके कारण ग्रीष्मकालीन फसलें तो बरबाद हुई ही हैं, पीने के पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। हरिभूमि ने संभाग मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर ओडिशा ⏭ शेष पेज 5 पर

1. नदी सूखने से फसल बर्बाद, पशुओं तक को नहीं मिल रहा पानी
2. हैंडपंप से और डबरी से पानी लेकर भोजन और नहाने की जुगाड़ कर रहे ग्रामीण
3. बस्तर में सूखे की स्थिति, वहीं ओडिशा में लहलहा रही है फसल



### इंद्रावती नदी की स्थिति जोरा नाला से भी दयनीय

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे प्रकाश चंद्र सेठी के समय ओडिशा सरकार के साथ वहां कि मुख्यमंत्री नंदिनी सतपथी के बीच करार हुआ था। गैर मानसून सीजन में दोनों राज्यों को 50-50 प्रतिशत पानी का बंटवारा पर निर्णय लिए गये थे, लेकिन जल समझौते के ⏭ शेष पेज 5 पर

### तीनों जगह पहली बार भाजपा की सरकार होने से उम्मीद बढ़ी

ऐसा पहली बार दिख रहा है कि छत्तीसगढ़ ओडिशा के साथ-साथ केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। इसलिए बस्तर किसान संघर्ष समिति को यह उम्मीद है कि यह समय इन्द्रावती को बचाने का सबसे शानदार मौका है। ओडिशा सरकार ने अपने फायदे के लिए कई डैम बनाकर किसानों को मालामाल कर दिया, अब छत्तीसगढ़ सरकार और बस्तर के भाजपा के बड़े नेताओं की बारी है। बड़े चकवा ग्रांम पंचायत के उप सरपंच युवा नेता पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि सांसद महेश कश्यप वन और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप तथा जगदलपुर विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तीनों बस्तर के ताकतवर पदों में है। वे बस्तर में इन्द्रावती की वर्तमान भयावह स्थिति से वाकिफ है। ऐसे में इस गर्मी के सीजन में इन्द्रावती नदी जल संकट का निराकरण अति आवश्यक है। इन नेताओं को भुवनेश्वर और दिल्ली की दौड़ लगाकर हर तरह के प्रयास करनी चाहिए।

---

### पुलिस और सेना की संयुक्त टीम का सर्च ऑपरेशन

# कठुआ में मुठभेड़, मार गिराए तीन आतंकी, तीन जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जम्मू

*जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में गुरुवार को तीन जवान शहीद हो गए। जवानों ने तीन आतंकी मार गिराए। सुबह से जारी मुठभेड़ में डीएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इनमें से तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। इन्हें जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के इन जवानों को पेट में गोली लगी थी।*

कठुआ के घने जंगलों में घात लगाकर बैठे आतंकियों को सबक सिखाने के लिए सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि आतंकी जंगलों के रास्ते से गुजर रहे हैं। इसके बाद जवानों ने इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे करीब पांच आतंकियों के एक समूह को घेर लिया था। मुठभेड़ कठुआ के राजबाग क्षेत्र के जुजाना इलाके के जखोले गांव के पास हुई। पुलिस, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ ⏭ शेष पेज 5 पर

**डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी हुए थे घायल**

### ऑपरेशन ग्रुप के जवानों को पेट में लगी थी गोली



### हाल में हुई घटनाएं

- 16 फरवरी : जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर स्नाइपर फायरिंग, एक भारतीय जवान घायल
- 13 फरवरी : पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की खबर, सेना ने खंडन किया
- 11 फरवरी : एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद, एक घायल
- 4 फरवरी : सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया
- 19 जनवरी : सोपोर मुठभेड़ में एक जवान शहीद
- 14 जनवरी : एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल

### तीन सुरक्षाकर्मी फंसे

मुठभेड़ स्थल के पास एक छोटी नदी और घने जंगल होने के कारण इलाके में तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार एक उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) समेत तीन सुरक्षाकर्मी कुछ समय के लिए आतंकियों के नजदीक फंस गए थे। सुरक्षा बल पूरे इलाके की गहन तलाशी ले रहे हैं और मुठभेड़ अभी भी जारी है।

### रविवार से चल रहा आतंकियों का पीछा

यह मुठभेड़ उस सर्च ऑपरेशन का हिस्सा है जो रविवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में शुरू हुआ था। उस दौरान विशेष अभियान समूह ने आतंकियों को इंटरसेप्ट किया था, लेकिन वे सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। इसके बाद से ही सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया हुआ था।

### आतंकियों के पास से बरामद हुआ भारी सामान

सुरक्षाबलों को सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली। इसमें एम4 कार्बाइन की चार लोडेड मैगजीन, दो ग्रेनेड, बुलेटप्रूफ जैकेट, स्लीपिंग बैग, ट्रैकसूट, खाने-पीने का सामान और आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) ⏭ शेष पेज 5 पर

## डीएसपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के अजाक थाने में पदस्थ डीएसपी रैंक के अधिकारी पर यौन शोषण का मामला दर्ज हुआ है। जामुल क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने पद्मनाभपुर थाने में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई। युवती ने डीएसपी पर शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने की बात कही है। यही नहीं, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। युवती की शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने 26 मार्च 2025 को डीएसपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3), 69 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।



- पद्मनाभपुर थाने में युवती ने दर्ज कराई शिकायत

पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस में पदस्थ डीएसपी रैंक के अधिकारी विनोद मिंज के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी ने रविशंकर स्टेडियम के सामने स्थित पीडब्लूडी मेस में बुलाकर पीड़िता के कई बार दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती की शिकायत के अनुसार डीएसपी मिंज से उसकी मुलाकात 2024 में हुई थी। धीरे-धीरे परिचय बढ़ा और डीएसपी मिंज ने शादी ⏭ शेष पेज 5 पर

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

पुलिस के अनुसार युवती ने यह भी बताया कि डीएसपी मिंज पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। यह बात भी युवती से छिपाई और बार-बार शादी का प्रलोभन देता रहा। युवती ने शिकायत में यह भी बताया कि शादी का दबाव बनाने पर उसके साथ मारपीट की और गाली गलौच भी किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। युवती की शिकायत की जांच के बाद पद्मनाभपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस की विवेचना जारी है।


# शाह बोले- भारत धर्मशाला नहीं बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां हर कोई आकर बस जाए। उन्होंने कहा कि आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हमारा सपना पूरा होने वाला है।शाह ने अवैध घुसपैठ के मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस को घेरते हुए लोकसभा में कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 'कमल खिलेगा' और बांग्लादेश से घुसैपैठियों के आने का सिलसिला बंद होगा। उन्होंने 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, हमारी बांग्लादेश से सटी हुई सीमा 2,216 किलोमीटर की है। उसमें से 1,653 किलोमीटर पर बाड़ लग चुकी है। बाड़ के पास की सड़क भी बन चुकी है और चौकियां भी बन चुकी हैं। शाह का कहना था कि जो शेष 563 किलोमीटर सीमा है, वो आज ⏭ शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास चर्चा का गृहमंत्री ने दिया जवाब
- अगले साल प.बंगाल विधानसभा चुनाव में कमल खिलने का दावा



### ममता पर शाह ने लगाए आरोप

शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। 450 किमी आपकी कृपा से खुली सीमा है, वहीं से घुसपैठ है, वहीं नागरिक बनते हैं, आधार कार्ड बनते हैं और देशभर में फैल जाते हैं। जितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं, सबके पास 24 परगना के आधार कार्ड मिले हैं। 'जहां फेंसिंग लगाने जाते हैं, सत्ताधारी पार्टी का कैडर हुड़दंग करता है, धार्मिक नारे लगाता है। ये फेंसिंग रुकी है तो केवल बंगाल सरकार के कारण रुकी है। ममताजी भूमि दे दें तो हम 450 किलोमीटर फेंसिंग कर देंगे।

### इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 के प्रावधान

- भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य
- जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा
- वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा

### ऐसा विदेशी माना जाएगा गैरकानूनी

अब तक एजेंसियां विदेशियों को ब्लैक लिस्ट करती थीं। इसका कोई औचित्य नहीं था। इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 कानून 36 धाराओं में है। इसमें पूरे प्रोसेस को कानूनी रूप दिया गया है। सारे एक्शन इसी हिसाब से होंगे। कोई विदेशी एयरपोर्ट या बंदरगाह की जगह कहीं से आएगा तो उसे गैरकानूनी माना जाएगा।

**सीजेआई से मिले बार के नेता**

## सीजेआई से जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बार के नेताओं को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के स्थानांतरण की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने दी। विभिन्न उच्च न्यायालयों के छह बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दोपहर में प्रधान न्यायाधीश और कॉलेजियम के अन्य सदस्यों- न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ⏭ शेष पेज 5 पर

### हड़ताल पर वकील

न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय में वापस भेजे जाने के प्रस्ताव के विरोध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन 25 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इससे पहले दिन में इलाहाबाद, गुजरात, केरल, जबलपुर, कर्नाटक और लखनऊ उच्च न्यायालयों के बार निकायों के प्रतिनिधियों ने सीजेआई कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा और उनसे (न्यायमूर्ति खन्ना से) मिलने के लिए समय मांगा।

### एफआईआर दर्ज न होने पर उठाए सवाल

बार एसोसिएशन ने ये भी सवाल उठाया कि 14 मार्च की घटना के बावजूद कोई एफआईआर अभी तक दर्ज क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो देशभर के उच्च न्यायालयों के बार संघ धरना प्रदर्शन करेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में सीजेआई ने घटना की विस्तृत जांच करने के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया, जिसने कानूनी हलकों में हलचल मचा दी है। हालांकि न्यायमूर्ति वर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उन्हें प्रेस में बदनाम किया जा रहा है।



आमचो बस्तर

# ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...



चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।

SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें



### धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अदभुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।



### बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।




### कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।



### इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।



### रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।



### रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# रोशनी नाडर बनी दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला, मुकेश अंबानी बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बिजनेस की दुनिया में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब दुनिया के टॉप 10 सबसे अमीर लोगों में नहीं रहे। उनकी नेटवर्थ में पिछले साल के मुकाबले 1 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। आईटी कंपनी एचसीएल की रोशनी नाडर दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुकेश अंबानी पर कर्ज बढ़ गया है। यह जानकारी हरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 में दी गई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। उनकी संपत्ति में 82 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अब उनके पास कुल 420 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। इस बीच आईटी कंपनी एचसीएल की रोशनी नादर दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गई हैं। उनके पास 3.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## गौतम अदाणी सूची में दूसरे स्थान पर

गौतम अदाणी और उनके परिवार की संपत्ति में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक साल में उनकी नेटवर्थ में 1 लाख करोड़ रुपए की तेजी आई है। वह 8.4 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ भारतीय अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। रोशनी नादर और उनका परिवार इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। उन्हें पहली बार इस लिस्ट में जगह मिली है।

## दिलीप सांघवी चौथे स्थान पर आए

सन फार्मा के दिलीप सांघवी की संपत्ति में 21 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब उनके पास 2.5 लाख करोड़ रुपए हैं और वह इस लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए हैं। विप्रो के अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपए के साथ पांचवें, कुमार मंगलम बिड़ला 2 लाख करोड़ रुपए के साथ छठे नंबर पर हैं। साइरस पूनावाला 2 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ संयुक्त छठे नंबर पर हैं। पिछले एक साल में उनकी नेटवर्थ में 8 फीसदी गिरावट आई है।

*अंबानी अभी भी भारत व एशिया के सबसे अमीर आदमी : रोशनी नाडर पहली भारतीय महिला हैं जो दुनिया की टॉप 10 महिलाओं में शामिल हुई हैं। उनके पिता शिव नाडर ने एचसीएल में अपनी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी उन्हें दे दी है। मुकेश अंबानी अभी भी भारत और एशिया के सबसे अमीर आदमी हैं। अंबानी परिवार के पास 8.6 लाख करोड़ रुपए की संपति है।*

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS साईटिका तेल शिव सायटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम® अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें .... HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# स्कैमर ने कॉल किया तो फोन में नजर आएगा असली नाम!

**नई दिल्ली।** भारत में टेलीकॉम यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है, जो उन्हें स्कैम और अनचाही मार्केटिंग कॉल्स से बचाने में मदद करेगा। प्रमुख टेलीकॉम कंपनियां, जैसे जियो, एयरटेल और वीआई, एक नई सुविधा 'कॉलर नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) लांच करने की योजना बना रही हैं। इस फीचर की मदद से कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम स्क्रीन पर दिखाई देगा, जिससे यूज़र्स को ट्रूकॉलर जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारतीय टेलीकॉम कंपनियां इस फीचर को लागू करने के लिए एचपी, डेल, एरिक्सन और नोकिया जैसी बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ काम कर रही हैं।

**फीचर की सफारिश ट्राई ने की थी :** इस फीचर की सिफारिश पहली बार फरवरी 2023 में टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने की थी।

## कार्यालय नगर पंचायत पटना जिला - कोरिया (छ.ग.)

Email-id - cmonppatna@gmail.com

क्रमांक / 514 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2025 पटना, दिनांक : 27/03/2025

### द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत पटना द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत एकीकृत पंजीयन अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से लोक निर्माण विभाग भवन / सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015, से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) में वर्तमान संशोधन से कम / अधिक प्रतिशत / एस.ओ.आर. दर पर मुहरबंद लिफाफे में त्रि–लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीड द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है–

01. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी :– 09/04/2025 समय 3:00 बजे तक
02. पात्र / अपात्र सूची जारी दिनांक :– 11/04/2025
03. निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 15/04/2025 समय 3:00 बजे तक
04. प्राप्त निविदा खोलने की तिथि :– 15/04/2025 समय 4:00 बजे शाम

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत पटना के नोटिस बोर्ड पर एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

**शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करे**

| स्वच्छ नगर, स्वच्छ पटना<br>सम्पूर्ण कर समय पर अदा करे | मुख्य नगरपालिका अधिकारी<br>नगर पंचायत पटना जिला कोरिया (छ.ग.) |
|---|---|

## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

### // सर्व संबंधित को सूचना //

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि पूर्व में भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मेसर्स के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड, ग्राम- नरियरा, तहसील - अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को दिनांक 19/10/2009 को कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 6x600 मेगावाट हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी। उद्योग द्वारा कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट की स्थापना पूर्ण कर संचालन किया जा रहा है। शेष कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट की स्थापना का कार्य पूर्ण नहीं होने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता समाप्त होने के कारण उद्योग प्रबंधन द्वारा कोल बेस्ड थर्मल पावर प्लांट- 3x600 मेगावाट से 6x600 मेगावाट के लिए ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् पुन: पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है, जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Impact Assessment Division), इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड, नई दिल्ली द्वारा टर्म्स ऑफ रिफरेंस दिनांक 27/06/2022 को जारी किया गया है। जारी टर्म्स ऑफ रिफरेंस में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पब्लिक नोटिस जारी किये जाने के निर्देश है, जिसके तारतम्य में उक्त परियोजना के संबंध में आपत्तियाँ / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है।

उपरोक्त के संबंध में उद्योग प्रबंधन द्वारा ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत की गई है, जिसे जन सामान्य के अवलोकन / पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य नगर कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जांजगीर-चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला- जांजगीर-चांपा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य नगर पालिक अधिकारी, कार्यालय, नगर पालिका परिषद्, अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत नरियरा, तरोद, अमोरा एवं रोगड़ा, तहसील - अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.) मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-फर्नीचर दुकान में 12वीं पास युवक चाहिए। वेतन योग्यतानुसार कार्य समय सुबह 9:30 से रात 9 बायोडाटा सहित सम्पर्क करें विश्वकर्मा इण्डस्ट्री 27खोली चौक, मुंगेली नाका के पास, बिलासपुर 9827168412 (37222)

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में कार्य करने हेतु कैशियर-1 पद, सेल्समेन- 4 पद की शीघ्र आवश्यकता है पता- ब्रांड बाजार मुंगेली नाका मैदान के सामने बिलासपुर 7441151111 (37220)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मां अम्बे रेडीमेड, आहूजा मोबाइल के आगे करबला रोड बिलासपुर (37224)

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लीनिक में कार्य हेतु अटेंडर, साफ सफाई हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जी.वी. डेंटल क्लीनिक स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर एवं मंगला चौक बिलासपुर (37221)

**आवश्यकता है**-साड़ी/ रेडिमेड दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जींस बिलासा चौक के पास, शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 (37225)

**आवश्यकता है**-रेल्वे ठेके अंतर्गत प्राइवेट कंपनी में जीप चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें 6261113408, 9109310130, 7828947265 (37226)

**आवश्यकता है**-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-पारस इन्टरप्राइजेस गुप्ता गली, टिकरापारा, मन्नू चौक बिलासपुर 9425530470 (37207)

**आवश्यकता है**- टेलीकॉलिंग हेतु लड़की की आवश्यकता है थोड़ा बहुत कम्प्यूटर का ज्ञान हो। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- एसके प्रोडक्ट्स इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी, बिलासपुर 6262679797, 8109963525 (1463)

**आवश्यकता है**-होलसेल एजेंसी में काम करने के लिए सेल्समैन, सप्लायर एवं ऑटो ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9827499306 (3168)

**आवश्यकता है**-घरेलू कार चलाने के लिए ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी गाडियां चलाना आता हो अनुभवी व्यक्ति ही आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 से 5बजे तक सम्पर्क करे- 9109114978 (1465)

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी ड्राइवर (इंट्रा, जीतो, कैसीनो चलाने हेतु एवं हमाली की आवश्यकता है स्थान- बिलासपुर वेतन योग्यता के अनुसार सम्पर्क करें- 8827821421, 6268970045 (37216)

**आवश्यकता है**-अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पीटल मैनेजमेंट, ओटी टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्सरे टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (37219)

**Requirment**-Primary Middle School Teacher (Female) English, SST, Maths, Science, Sanskrit, Computer Qualification Graduate/ B.Ed /D.EL.Ed Candidate must be fluent in English Salary 5000 TO 10000 Candidates can submit thir resume through Whats App at 9340761548, 6264973134 Add Krishnan Sr.Sec. School Sambalpuri, Sakri Bilaspur (37206)

**आवश्यकता है**-सीए ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार पता- जी.एल. जैन एण्ड एसोसिएट्स, थर्ड फ्लोर, गौरव टॉवर, सेंट जेवियर स्कूल रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर 9630195928 (1464)

**आवश्यकता है**-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेस मगरपारा रोड बिलासपुर में वर्कशॉप कार्य हेतु महिंद्रा मैकेनिक- 2पद, हुंडई टाटा मारुति मैकेनिक- 2पद, डेंटर- 2पद, दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियां 4पद सेल्समेन लड़का या लड़की 1पद सम्पर्क करें- सुबह 10 से 11 दोपहर 2 से 3बजे (1597)

**आवश्यकता है**-होलसेल FMCG एजेन्सी में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाबड़ा ट्रेडिंग कम्पनी नेहरू नगर बिलासपुर 8103444994, 9981922140 (37203)

**Wanted**-Bilaspur based road construction company requires Qualified Senior Civil Engineer (Exp 7 to 10 years in Road & structure) Contact- 11am to 6pm 9174470000 Email- resume.anandi@gmail.com (37215)

**आवश्यकता है**-एलईडी टीवी, स्टेबलाइजर, इंडक्शन कुकर, होम थिएटर इत्यादि सभी इलेक्ट्रॉनिक्स समानों को सुधारने हेतु टेक्नीशियन चाहिए सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंटरप्राइजेस सिटी कोतवाली चौक के पास तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9425219963 (487)

**आवश्यकता है**-सुपर मार्केट में पैकिंग हेल्पर, घरेलू काम हेतु (M/F) चाहिए समय 9.30 से 8) सैलरी 6000-9000 अनुभवी को प्राथमिकता, पता- फॉर्मर्स प्राइड ऑर्गेनिक स्टोर मेनरोड नेचरसिटी गेट, सकरी 7225849081, 7987551332 (1589)

**आवश्यकता है**-शहर के प्रतिष्ठित लाज होटल रोहित के मालिक की कार चलाने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर एवं लाज मे रिसेप्शनिस्ट (मेल) की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 6264858660 (37210)

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन कंपनी में मैनेजर-3 (सिविल कार्य अनुभवी), एक एकाउंटेंट (कम्प्यूटर संबंधी जानकार) ड्राइवर-1, प्यून-1 बायोडाटा सहित समय 12 से 5बजे तक सम्पर्क करें-अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 9993495123 (15318)

**आवश्यकता है**-डिप्लोमा इंजिनियर, डाटाएंट्री ऑपरेटर, सुपरवाइजर Ajax सीमेंट कांक्रीट मिक्सर मशीन, मेंटेनेंस हेतु मिस्त्री मैकेनिक इंजिनियर ड्राइवर ऑपरेटर की। सैलरी- 12000 से 30000 सम्पर्क करें- 8602366077, 7974417600 (37205)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक शॉप में काम करने के लिए एक AC टेक्नीशियन एवं दो हेल्पर की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स निहारिका कोरबा 9826662063, 7898878808 (37213)

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग मैनेजर 1 फील्ड ऑफिसर 10, काउन्सलर 1, टेलीकॉलर 2 की आवश्यकता है योग्यता ग्रेजुएट वेतन 6000 से 20000 सम्पर्क करें- मगरपारा रोड इंदू चौक बिलासपुर 7489571912, 9329911454 (37201)

**आवश्यकता है**-निजी प्रसूति चिकित्सालय में कार्य करने के लिए अनुभवी महिला नर्स नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है (निवास की सुविधा उपलब्ध है) सम्पर्क करें- 9826134710, 7693807006 (37222)

**आवश्यकता है**-गवर्मेंट कॉन्ट्रैक्टर कर ऑफिस में कार्य करने कम्प्यूटर ऑपरेटर सह ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है (टेली, MS आफिस, emails) की सम्पूर्ण जानकारी हो इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा भेजे- 9770857830 (37211)

**आवश्यकता है**-सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पलाश पमनानी एण्ड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (37195)

**आवश्यकता है**-रेस्टोरेंट में वेटर लड़का, लड़की, हेल्पर मिस्त्री, रोटी बनाने, वर्तन धोने वाली चाहिए खाने, रहने की सुविधा पेमेंट योग्यता अनुसार पता- पाण्डेय स्वीट्स एंड नमकीन सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 9907748408 (37199)

**आवश्यकता है**-एलआईसी में महिलाओं के लिए खास बीमा सखी बनने का अवसर। मानदेय 7000 रुपए प्रतिमाह सम्पर्क करें- स्मिता तिवारी दुबे 8839185098 (37198)

**आवश्यकता है**-हॉटेल में हाउस कीपिंग स्टाफ, सेल्स मैनेजर अथवा रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हॉटेल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने (गली में) लिंक रोड, बिलासपुर 7776864202 (37173)

**आवश्यकता है**-छड़ एवं सीमेंट दुकान में मार्केटिंग कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 9300307926, 9993443207 (37212)

**आवश्यकता है**-लवली ड्रेसेस सीएमडी कालेज के साथ लिंक रोड, बिलासपुर में काम करने के लिए सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 7000103010 (37169)

**आवश्यकता है**-पेंड्रा में सीमेंट डिपो में लोडिंग, अनलोडिंग कार्य संभालने हेतु मैनेजर की आवश्यकता है सैलरी 8000 सम्पर्क करे- 9754002100 (3398)

**आवश्यकता है**-यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- (1) रिंग रोड नं-2 महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नगर चौक व्यापार विहार रोड बिलासपुर (37208)

**आवश्यकता है**-आफिस में कार्य हेतु आफिस ब्वॉय- 1पद, साफ सफाई कार्य & एकाउंटेंट- 2पद टैली जानकार 5साल अनुभवी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- रिलायंस ट्रेड लिंक, व्यापार विहार बिलासपुर 9300795080 (37200)

**आवश्यकता है**-OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28 वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (37197)

**आवश्यकता है**-बैंकिंग एवं फाइनेंस से संबंधित IIBF एवं NISM द्वारा पूर्ण रोजगार प्रदान करने वाले DRA, DB&F, JAIIB, CAIIB, MF डिस्ट्रीब्यूटर्स कोर्स की मार्केटिंग पूरे भारत में करने हेतु स्मार्ट MBA, इंग्लिश भाषा लिखने, पढ़ने की योग्यता वाले 5 अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। CV सेल 7000078705 पर भेजे (37176)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESIC मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9109930584, 9300803366 (37104)

**आवश्यकता है**-मल्टी नेशनल कंपनी में एसी, टीवी, फ्रीज, टेक्नीशियन-15, हेल्पर 15 सम्पर्क करें- आदिनाथ परिसर, गंगा नगर सेक्टर-2, मंगला चौक बिलासपुर 9131514165, 8817871834 (37190)

**आवश्यकता है**-मल्टी नेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु मैनेजर गोडाउन इंचार्ज, असिस्टेंट, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12बजे तक दिए गए पते पर संपर्क करें- श्रीवासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, विकास गर्ग, अंबिका ऑटो सेल्स & सर्विस कैंपस अंबिकापुर 7828901614, 7828901615 (3400)

**आवश्यकता है**-टेली कॉलिंग हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक के पास लिंक रोड बिलासपुर 9691077324, 6266945733 (746)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार स्थान- 73, लास विस्टा सोसायटी अमलीडीह रायपुर सम्पर्क करे- 9575042804 (3405)

**आवश्यकता है**-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें 07903284986 (736)

**आवश्यकता है**-बिजली दुकान में सामान निकालने जमाने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रवि इलेक्ट्रीकल्स, पल्लव भवन के पास, गौरव पथ, रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 7987204029 (37204)

**आवश्यकता है**-श्याम इंटरप्राइजेज में ऑनलाइन ईकॉमर्स कंप्यूटर कार्य हेतु 20 से 25साल के लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है (समय 10 से 7) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा 9074741377 (3391)

**आवश्यकता है**- मैरिज ब्यूरो में कार्य करने हेतु महिलाएं, लड़कियां चाहिए कोई टार्गेट नही सैलरी 5000 से 7000 योग्यता अनुसार+ बोनस कमीशन अलग से पता- खमतराई चौक सरकंडा बिलासपुर 9179176847, 9109832430 (1591)

**आवश्यकता है**-नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (745)

**आवश्यकता है**-मॅट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करे- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 6268331784, 7987392821 (3399)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक फर्नीचर दुकान के लिए लड़के की जरूरत है सम्पर्क करें- श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर 9691169665 (3390)

**आवश्यकता है**-रेडीमेड होजरी होलसेल दुकान में कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन 6000-12000 संपर्क- श्रीगणेश होजरी, LT गली करबला रोड 9826118114 (मिलने का समय 11-8) (काम 10-8:30) (3395)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 30 साल तक ऑफिस टाइम 10 से 5:30 सम्पर्क करे- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बृजवासी रेस्टोरेंट के पास राजेंद्र नगर बिलासपुर 9202588658 (3401)

**आवश्यकता है**-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर हमारी कंपनी में सिविल साइट सुपरवाइजर के लिए अवसर हैं, काम की जिम्मेदारियाँ- निर्माण स्थल पर कार्य प्रबंधन, टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन, गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक योग्यता- सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/ बी.टेक, 3-5वर्ष का अनुभव, आवेदन करें-7970010958 (सरकंडा बिलासपुर) (3402)

## किराया

**किराया**-2BHK मकान किराए पर देना है पर्सनल बोर, किचन हॉल पोर्च, दो लेटबाथ पर्सनल स्वतंत्र मकान महामाया पार्क कॉलोनी मंगला चौक के पास हाउस नम्बर 18 सम्पर्क करें- 7999371005, 7047660000 (37174)

## बेचना है

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 8839455596, 7697644444 (36177)

**बेचना है**-वार्ड नं.-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1डिसमिल जमीन में बना 2मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन अटेच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी सर्वसुविधायुक्त। सम्पर्क करें- 9753505350, 9522248786 (37214)

Medicare Specialists

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**बेचना है**-महामाया रेसीडेन्सी कालोनी कोनी स्थित 3 मंजिल भवन, 4 बेडरूम, 2 हाल, किचन, 5 टायलेट यूटीलिटी शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7049009079, 9137042727 (37162)

**बेचना है**-मोपका गणपति होम्स कॉलोनी में 1050 वर्गफीट में निर्मित 2BHK स्वतंत्र पूर्व मुखी मकान बेचना है कीमत 35 लाख कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9685833889 (3389)

**बेचना है**-गोल्डन पार्क हाई कोर्ट के बगल में 1820 वर्गफुट जमीन एवं भारतीय नगर शिव मंदिर के पास 2236 वर्गफुट में बना डबल स्टोरी मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करे 9425228826 (37193)

**बेचना है**-नेहरू चौक के पास कुदुदण्ड होम गार्ड कैम्प के पास 3200 वर्गफुट जमीन बेचना है सम्पर्क करें- 9907465045, 9340423731 (37194)

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25 लाख तक 1% ब्याज सालाना प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाये सम्पर्क करे-9289384524 (744)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**फाइनेन्स**-जन धन लोन आधार कार्ड से पर्सनल बिजनेस प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्क शीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट सम्पर्क करें- 8527685698 (3388)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# हर परिवार को घर, हर गली में स्वच्छता-मोदी सरकार का संकल्प

## प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन से करोड़ों लोगों को मिला लाभ



**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने शहरी विकास और आवास के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति की नींव रखी है, जिससे करोड़ों लोगों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों के लिए किफायती आवास की सुविधा को प्राथमिकता दी है। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 1.18 करोड़ मकानों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 90.6 लाख मकानों का निर्माण पूरा कर लाभार्थियों को सौंपा जा चुका है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने 2 लाख करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है, जिससे 1 करोड़ से अधिक परिवारों के 5 करोड़ से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं।

### सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के तहत

- *16 लाख से अधिक मकान अल्पसंख्यकों को प्रदान किए गए।*
- *23 लाख से अधिक मकान अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय को मिले हैं।*
- *42 लाख से अधिक मकान अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को दिए गए हैं।*

*इसके अतिरिक्त, झुग्गीवासियों के लिए 'इन-सीटू स्लम पुनर्विकास' योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, 90 लाख से अधिक मकान या तो महिलाओं के नाम पर हैं या उनके संयुक्त स्वामित्व में दिए गए हैं।*

# एक्ट्रेस रन्या को झटका नहीं दी गई जमानत

**बेंगलुरू।** गोल्ड स्मगलिंग के आरोप में जेल में बंद कन्नड़ एक्ट्रेस रन्या राव को बड़ा झटका लगा है। 64वें सिटी सिविल और सेशंस कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी, जिससे उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले आर्थिक अपराधों के लिए स्पेशल कोर्ट ने भी उनकी जमानत याचिका को ठुकरा दिया था।

# 'अब हमारी बारी है' हिंदुस्तान आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर होगी, जिसे पुतिन ने पिछले साल जुलाई में मोदी की रूस यात्रा के दौरान स्वीकार कर लिया था। लावरोव ने कहा, 'पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल के बाद पहली विदेश यात्रा रूस की थी। अब हमारी बारी है।' रूसी विदेश मंत्री ने यह बयान 'रूस और भारतः एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' समिट के दौरान दिया। इस बैठक का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद ने किया।

### यात्रा के लिए आधिकारिक तिथि की अभी घोषणा नहीं

पुतिन भारत यात्रा पर कब आएंगे, इसके बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह यात्रा 2025 के अंत तक हो सकती है। इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिनमें रक्षा उपकरणों के निर्माण, परमाणु ऊर्जा सहयोग और व्यापार सुविधा जैसे मुद्दे शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह यूक्रेन युद्ध शुरू होने (फरवरी 2022) के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। दोनों देशों के बीच 3 साल बाद भी युद्ध जारी है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## सीबीआई ने अभिषेक...

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम ने आईपीएस अभिषेक पल्लव के निवास से कम्प्यूटर में लगे हार्ड डिस्क के साथ मोबाइल जब्त किया है। इसके साथ ही अभिषेक माहेश्वरी के राजनांदगांव स्थित निवास से दस्तावेज के साथ कई डिजिटल साक्ष्य और मोबाइल जब्त किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। **जब्त डिजिटल साक्ष्य की फोरेंसिक लैब में जांच**-सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक सीबीआई जब्त इलेक्ट्रॉनिक के साथ मोबाइल तथा डिजिटल साक्ष्य की जांच अपने फोरेंसिक लैब में करेगी। जरूरत पड़ने पर जब्त साक्ष्य को जांच के लिए दिल्ली मुख्यालय भेज सकती है। जांच में तीन साल तक का डेटा रिकवर किया जाएगा। छापे की कार्रवाई के दूसरे दिन सीबीआई कार्यालय में कई पुलिसकर्मियों के साथ आईपीएस अफसरों को सीबीआई कार्यालय तलब किए जाने की चर्चा रही। पूछताछ के लिए किन लोगों को बुलाया गया था, इस बात को लेकर सीबीआई ने किसी भी तरह से कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

## भूपेश बोले, जिन...

लिए काम किया था।

गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि देश में कब महादेव सट्टा एप बंद होगा। जो उसके आरोपी देश के बाहर बैठे हैं, उन्हें कब गिरफ्तार किया जाएगा, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कल देशभर में 60 से अधिक स्थानों पर सीबीआई के छापे पड़े, उसमें से छत्तीसगढ़ में लगभग 50 जगह छापे पड़े। सीबीआई के छापे में डायरी के मिलने की चर्चा पर श्री बघेल ने कहा, एक डायरी थी जिसकी ईडी फोटो कॉपी करा कर ले गई थी और सीबीआई वह ओरिजिनल डायरी ले गई है। हमने जब उनसे इसकी फोटो कॉपी करा कर मांगा, तो उन्होंने बोला कि आप बाद में उसे ले लीजिएगा। **हमारे शासन काल में हुई 200 गिरफ्तारी**-उन्होंने बताया कि सीएम रहते मैंने निर्देश दिए। 200 गिरफ्तारियां हुईं और 2000 खाते सीज किए गए, सैकड़ों इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बरामद किए गए। हमने जुआ सट्टा को रोकने के लिए विधानसभा में विधेयक लाने का काम किया। सबसे ज्यादा कार्रवाई हमारी सरकार में हुई। जुआ सट्टा पर रोक लगाने को लेकर कड़े कानून लाकर हमने कार्रवाई की। उसके छह महीने बाद इस केस में ईडी की एंट्री हुई। **ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य सूत्रधार दुबई में बैठे**-पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, ऑनलाइन बेटिंग एप के मुख्य सूत्रधार दुबई में बैठे हुए हैं। जिन पर कार्रवाई के लिए हमने केंद्र सरकार को पत्र लिखा, इसके बाद ईडी ने राजनीतिक कार्रवाई शुरू की। शुभम सोनी नाम के व्यक्ति की एंट्री हुई, जिन्होंने अपने आप को ऑनलाइन बेटिंग एप का मालिक बताया। छत्तीसगढ़ में इस बीच सरकार बदल गई, ईडी ने ईओडब्ल्यू को एक सूची जारी की। छापे उन्हीं के ऊपर मारे गए, जिन अधिकारियों ने कार्रवाई की। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हमने आग्रह किया था, 1 दिसंबर 2023 को हमने पत्र लिखा था कि ऑनलाइन बेटिंग एप के मुख्य प्रमोटर पर कार्रवाई करें, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **मेरे खिलाफ षडयंत्र**-उन्होंने कहा, कल मेरी अनुपस्थिति में रायपुर स्थित शासकीय निवास में सीबीआई ने मेरी अनुपस्थिति में ही कार्रवाई की। न तो इसकी सूचना दी गई और न मुझसे सहमति ली गई। अगर मैं उपस्थित नहीं था, तो इसे सील किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया। मेरे घर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीबीआई की टीम को बड़े बैग लेकर जाते देखा, लेकिन उनकी मांग पर भी बैग उन्हें नहीं दिखाया गया। मीडिया को दिखाने के लिए शासकीय आवास की छत पर भी मैटल डिटेक्टर लेकर नाटकीयता पैदा करने की कोशिश हुई। यह मेरे खिलाफ कोई षडयंत्र दिखता है। भिलाई निवास पर जब सीबीआई ने छापा मारा, तो उस दौरान मेरी पत्नी, बहू बेटी थी, लेकिन सीबीआई के साथ कोई भी महिला अधिकारी या कर्मी मौजूद नहीं था। **रमन सिंह ने सीबीआई को किया था बैन**-वहीं छत्तीसगढ़ में सीबीआई बैन किए जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, सीबीआई को छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की सरकार ने बैन किया था, हमारी सरकार ने तो सिर्फ अधिसूचना जारी की थी।

## प्रदीप मिश्रा पर...

ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो भी महादेव सट्टा खिलाने वाले पर कार्रवाई करेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक साल से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, मतलब बीजेपी सरकार प्रोटेक्शन मनी ले रही है। रवि उप्पल से मिलकर आने वाले कथाकार प्रदीप मिश्रा से भी पूछताछ होनी चाहिए।

## 1100 करोड़ अंडों...

अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना भी बंद हो गया है। इसके कारण रोज 30 लाख अंडों का स्टॉक जाम हो रहा है। छत्तीसगढ़ देश में अंडों का उत्पादन करने वाला बड़ा राज्य है। यहां पर रोज करीब 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 40 फीसदी यानी करीब 30 लाख अंडे रोज दूसरे राज्यों महाराष्ट्र, विदर्भ, मप्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जाते हैं। दूसरे राज्यों के कारण ही अपने राज्य में अंडों का कारोबार फल फूल रहा है। लेकिन अब अंडों के कारोबार पर बड़ा संकट आ गया है।

**लाखों अंडे कोल्ड स्टोरेज में-**

कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा था, तब भी अंडों के कारोबार पर बड़ा संकट आया था। उस समय तो रोज 70 लाख अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा था। ऐसे में एक समय दस करोड़ से ज्यादा अंडों का स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में हो गया था। अब एक बार फिर से रोज 30 लाख अंडों के बचने के कारण इनको कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा है। इस समय लाखों अंडों का स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में है। पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक यह स्टॉक दूसरे राज्यों के कोल्ड स्टोरेज में भी रखवाया गया है, ताकि वहां पर स्थिति सामान्य होने और कीमत सही मिलने पर स्टॉक खपाया जा सके।

**कम हो गए दाम-**

गर्मी में वैसे भी अंडों के दाम कम हो जाते हैं, लेकिन बीते साल प्रदेश से दूसरे राज्यों में भरपूर अंडे जाने के कारण अंडों की कीमत पहली बार पोल्ट्री फार्म में 5.50 रुपए तक और चिल्हर में 6.50 रुपए गो गई थी। लेकिन इस समय गर्मी के आने से पहले ही अंडों के दाम दम हो गए हैं। इस समय पोल्ट्री फार्म में अंडों की कीमत 4.00 रुपए है। थोक में जहां एक दर्जन लेने पर इसकी कीमत 4.50 रुपए है, वहीं एक-दो नग लेने पर यह पांच रुपए में मिल रहे हैं।

**दूसरे राज्यों में जाना बंद -**

अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना बंद हो गया है। कर्नाटक से कुवैत अंडे कम जा रहे हैं, तो आंध्र प्रदेश से यहां पर अंडे कम कीमत में आ रहे हैं, इसलिए प्रदेश के पोल्ट्री फार्म में भी कीमत कम करनी पड़ी है। अभी लागत मूल्य से भी काम दाम में अंडे बेचने पड़े रहे हैं।

- धनराज बैनर्जी, पोल्ट्री कारोबारी

## इंद्रावती हाईजेक,...

सीमा के गांव चांदली से लगे इन्द्रावती और जोरा नाला संगम स्थल का जायजा लिया, जहां ओडिशा क्षेत्र के नदी के दोनों ओर मक्का, गन्ना, साग सब्जियों की फसल लहलहा रही हैं। वहीं नगरनार से लगे बस्तर के कई गांव के किसान इन्द्रावती नदी में जल स्तर गिरने से अपनी नुकसान होते फसल को देखकर चिंतित हैं। इंद्रावती बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि बस्तर और तोकापाल ब्लॉक के सबसे ज्यादा प्रभावित गांव में चोकर, मरलेंगा, नारायणपाल, आड़ावाल, भोंड, लामकेर, नदीसागर, बोड़नपाल, कोंडालूर, छिंदबहार, तोतर, काठसरगीपाल, मरकापाल, टिकराधनोरा, घाटधनोरा और तारागांव हैं। भोंड एनीकट के पास के घाटधनोरा में इंद्रावती नदी के सूखने से बच्चे और युवा क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में 80 फीसदी फसल जल चुकी है और इन गांव के ग्रामीणों और पशुओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। किसी तरह हैंडपंप और डबरी से पानी का जुगाड़ कर काम चला रहे हैं। हैंडपंप में भी जलस्तर नीचे चला गया है। हमने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से कहा है कि ओडिशा के खातीगुड़ा डैम से पानी छोड़ने पर गांव में नाली बनाकर पानी इकट्ठा करेंगे और उपयोग करेंगे, लेकिन इस पर भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई हुई है। वहीं कुम्हरावंड में 2-3 गेट से पानी छोड़ा गया था, उसे भी बंद कर दिया गया है। इसलिए समस्याग्रस्त गांव में कहीं भी इंद्रावती नदी में पानी नहीं है।

## इंद्रावती नदी की...

शर्तों का हमेशा से ओडिशा सरकार ने अनदेखी की। यही कारण है कि 1972 में हुए करार का नुकसान आज भी छत्तीसगढ़ को हो रहा है, जबकि ओडिशा सरकार इन्द्रावती नदी पर कई बड़े डैम बनाकर जल का अधिक से अधिक उपयोग कर रहा है। आज इन्द्रावती नदी की स्थिति जोरा नाला से भी दयनीय है। जोरा नाला में लबालब पानी होने से वहां के किसान मालामाल हो रहे हैं और बस्तर में इन्द्रावती के सूखने से किसानों की हालत कंगाली जैसे हो गई है। प्रकृति बचाओ और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान के लोगों का कहना है कि बस्तर के नेता और राज्य सरकार के नुमाइंदे चुप्पी साधे रहे और ओडिशा ने इन्द्रावती को हाईजेक कर लिया।

## कठुआ में मुठभेड़...

के संयुक्त अभियान में आतंकियों को घेरने के बाद दोनों ओर से भारी गोलीबारी और विस्फोट हुए। इस दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया गया। आतंकियों की फायरिंग में पांच सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए थे। इनमें से दो शहीद हो गए। शुरुआती हमले में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) भरत चलोत्रा के चेहरे पर चोटें आईं। उन्हें पहले कठुआ के अस्पताल ले जाया गया और फिर जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## आतंकियों के पास ...

बनाने की सामग्री शामिल थी। पुलिस को शक है कि ये आतंकी शनिवार को पाकिस्तान से सीमा पार कर भारत में घुसे होंगे। संभावना जताई जा रही है कि आतंकियों ने किसी नाले या हाल ही में बनी सुरंग के जरिए घुसपैठ की हो। अब सुक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं।

## डीएसपी पर शादी ...

का प्रस्ताव रख दिया। युवती बातों में आ गई। युवती के अनुसार डीएसपी मिंज ने शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। अब जब शादी की बात आई तो डीएसपी ने मना कर दिया।

## शाह बोले- भारत...

भी खुली है।

उन्होंने कहा, ये जो 563 किमी है उसमें से 112 किमी ऐसी है जहां नदी, नाले, पहाड़ियां आदि के चलते बाड़ नहीं लग सकती। वहीं, 450 किमी ऐसी है जहां बाड़ लगना बाकी है। लेकिन वहां बाड़ नहीं लग पा रही क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार भूमि नहीं देती है। इसके लिए सात बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली के चुनाव के समय मैं मौन रहा कि देश की सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न था, लेकिन आज मौका और दस्तूर भी है और संबंधित विषय पर विधेयक आया है तो मैं देश की जनता को सच्चाई से अवगत करा रहा हूं। शाह ने इस बात पर जोर दिया, पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव है, कमल खिलेगा और यह सब बंद हो जाएगा।

शाह ने बुधवार को लोकसभा में 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए भी पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के जीतने का विश्वास जताया था। उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा गरीबों को दी है। उन्होंने कहा, अब दिल्ली में भी कमल खिल गया है। यहां भी गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। बस पश्चिम बंगाल रह गया है और अगले विधानसभा चुनाव के बाद वहां भी यह योजना लागू हो जाएगी।

## सीजेआई से ...

सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, से मुलाकात की। उच्चतम न्यायालय में हुई इस बैठक से बाहर आने के बाद तिवारी ने कहा कि कॉलेजियम सदस्यों ने बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन इस बात पर पुनर्विचार करेगा कि अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी जाए या नहीं। बार निकायों के प्रतिनिधियों ने न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर साक्ष्यों के साथ कथित छेड़छाड़ का मुद्दा भी उठाया है, जहां 14 मार्च को आग लगने की एक घटना के दौरान नकदी की जली हुई गड्डियां कथित तौर पर मिली थीं। वहीं बार निकायों के सदस्यों ने घटना में प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर सवाल उठाया। ज्ञापन में बार निकायों ने पारदर्शिता अपनाने और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट तथा अन्य सामग्री को उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के लिए सीजेआई द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की।


**COLLEGE OF DAIRY SCIENCE AND FOOD TECHNOLOGY, RAIPUR (C.G.) 492012**
(DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA)
Website: www.dsvckvdurg.ac.in.; Email:-deancdsft@gmail.com
No. DSVCKV/CDSFT/ACD./2024-25/1176 Dated: 24/03/2025

**ADVERTISEMENT**

Applications are invited for the 06 post of Teaching Associate at College of Dairy Science and Food Technology, Raipur (Chhattisgarh) 492 012. Last date for submission of application form is 15.04.2025 (till 11.00 AM) and Date of Walk in Interview is scheduled on 16/04/2025 (11.00 AM onwards). The detailed advertisement is available in the University website www.dsvckvdurg.ac.in. Any further information after this advertisement will be displayed in university website only.

S.- 43361 — Dean, College of Dairy Science and Food Technology, Raipur (C.G.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर/कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस संभाग का निविदा सूचना क्र. 04/ व.ले.लि. 2024-25 दिनांक 06/12/2024. (समूह क्र.02) निविदा सिस्टम क्र. 162308 (प्रथम आमंत्रण) द्वारा आमंत्रित निविदा का बिड केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ के निविदा पूर्व अर्हता निर्धारण समिति द्वारा दिनांक 16/01/2025 को ऑनलाईन खोला गया। उक्त निविदा के प्रथम आमंत्रण में प्रतिभागी योग्य निविदाकारों की संख्या "निरंक" है। अतः उक्त निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता, हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर/कोरबा

जी-242506185/4



**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites E-Tender for following works:

**NIT No: 100/Video Wall Tower-C/EE-E/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 21.03.2025**

**Name of Work: "Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of Outdoor video wall system with 3 years O&M in Commercial Complex Tower C, Sector 21 of Nava Raipur Atal Nagar - Raipur (C.G)."**

**Estimated cost: INR: 4.37 Crore EMD: 5.37 Lakh, Period of Completion: 6 months for capex & 3 years O&M**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 16.04.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

S.- 43362 — CE, NRANVP



**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**तृतीय निविदा – ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website-www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

क्र./ / निर्माण / 2025 — दिनांक ...../...../2025

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10352 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा में फायर फायटिंग का कार्य। (प्रपत्र-ब ) | 100.33 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 02/04/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 13/04/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद- 43365 — अधीक्षण अभियंता



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO: 3279/RMC/2025 — RAIPUR DATED: 26.03.2025

Online bids are invited for the following works of works up to **11.04.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 166346 | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Operation, Maintenance, and Utilization of Installed Unipoles (Group A,B, D And K) for Advertising Purposes | 14664000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **26.03.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NIT Details and other document.

**NOTE:** - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

TOWN PLANNER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)



**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- 215/2025 KORBA — Dated:- 24.03.2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 166270 (1st Call) | CONSTRUCTION 100 TPD SOLID WASTE PROJECT AT BARBASPUR KORBA CG | Rs. 666.35 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 24.03.2025. at 3.30 Hours. (IST) on wards.

**SUPERINTENDING ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION, KORBA**


# राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# शब्द पहेली - 5818



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 5817 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | जा | न |

# सूडोकू नवताल - 5828

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकू नवताल - 5827 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा



फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।

## मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गए: वृही कोडवारा



**सिर्फ दोस्तों** के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'

वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं! मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

## नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूल: कविश खुंगर



**अप्रैल फूल-डे** है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैंने खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

## ...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूल: सौम्य आजाद



**फर्स्ट अप्रैल** को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणवीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'

सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं। मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं।' *

## जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेट: हेत मकवाना



**सन नियो** के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है! वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'



## जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत



## ईद सुहानी आई है!


ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अब्बू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

## ईद की दुगनी खुशी



ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...!'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर से क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।



किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो।

**किताबः** उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिकाः** मीनू त्रिपाठी, **मूल्यः** 220 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले

**नैंसी** : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
**नव्या (काफी देर सोचने के बाद)** : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
**नैंसी (हंसते हुए)** : अप्रैल फूल।
**-खुशबू, रायपुर**

**तन्नू** : ये लो, चॉकलेट खाओ।
**चुन्नू** : चॉकलेट! किस खुशी में?
**तन्नू** : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।
**चुन्नू** : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
**तन्नू** : आज अप्रैल फूल-डे है।
**-मुस्कान, राजनांदगांव**

**सोनू** : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
**मोनू** : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

## जीके क्विज-147

1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?



बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-146 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

**जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.चूहे के फेस पर दोनों तरफ पसीने की बूंद है। 2.चूहे के दाएं हाथ की अंगुली नहीं दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.चीज पर कम बबल्स दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का सामने वाला हिस्सा लाल है।

## मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैलकुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




उत्तर : 30



# पूरन ने 18 गेंद में ठोका सत्र का सबसे तेज अर्धशतक, जीता लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर अपना खाता खोला। एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एसआरएच नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पूरन ने एडम जम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर 18 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। वह आईपीएल में 20 से कम गेंद में चार बार अर्धशतक बनाकर सबसे ऊपर हैं। उनके बाद ट्रेविस हेड और जेक फ्रेजर मैकगुर्क तीन बार ऐसा कर चुके हैं।




### 116 रन की साझेदारी

निकोलस पूरन (70 रन) के इस इंडियन प्रीमियर लीग सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए खेली गई 116 रन की साझेदारी से जीत मिली। अंत में अब्दुल समद और डेविड मिलर की नाबाद पारियों से टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले शार्दुल ठाकुर ने 34 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार वापसी जारी रखी।

### हेड 47 रन पर आउट

एसआरएच के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में दिख रहे थे लेकिन 28 गेंद में 47 रन ही बना सके। वह टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा अनिकेत वर्मा ने 36 और नीतिश कुमार रेड्डी ने 32 रन का योगदान दिया। फिट होकर टीम में शामिल हुए आवेश खान के अलावा दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई और प्रिंस यादव को एक एक विकेट मिला।

### पूरन-मार्श ने तोड़ा रिकॉर्ड

पूरन और मिचेल मार्श (52 रन) ने दूसरे विकेट के लिए महज 43 गेंद में 116 रन की साझेदारी निभाई जो आईपीएल में दूसरे विकेट के लिए एलएसजी की सबसे बड़ी साझेदारी है।इस तरह उन्होंने केएल राहुल और दीपक हुड्डा के बीच 95 रन की साझेदारी का रिकॉर्ड को तोड़ा। मिचेल मार्श ने 11वें ओवर में कमिंस की गेंदों पर लगातार चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उनकी अगली ही फुल लेंथ गेंद पर लांग ऑन पर नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे।


**खास खबर**

## दूसरी गेंद का पहली बार आईपीएल में हुआ इस्तेमाल




**गुवाहाटी।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बुधवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में पहली बार दूसरी गेंद का नियम देखने को मिला। कार्यवाहक कप्तान रियान पराग के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर की पारी के 17वें ओवर में गेंद बदलने का अनुरोध किया, लेकिन यह मैच का पासा पलटने के लिए काफी नहीं था। नए नियम का इस्तेमाल करने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को केकेआर के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार दूसरी हार रही। क्विंटन डिकॉक की 61 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत कोलकाता ने इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की।

## लगातार सुधार की कोशिश कर रहे हैं कोहली : कार्तिक



**चेन्नई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने गुरुवार को कहा कि विराट कोहली की अनुकरणीय कार्यशैली उनके साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है और यह भारतीय सुपरस्टार खुद में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले आईपीएल चरण के बाद संन्यास लेने वाले आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी कार्तिक ने कहा कि कोहली में पहले की तरह ही भूख है।पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी बनाम चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, 'अभी जब मैं मैदान पर आया तो आज भी वह एक और शॉट पर काम करना चाहते हैं।

## मेरे से बेहतर के साथ गेंदबाजी करने का आदी : मोइल अली



**गुवाहाटी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान सुनील नारायण की जगह सफलतापूर्वक लेने वाले मोईन अली ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने के आदी हैं जो उनसे बेहतर है। मोईन ने कहा, 'मेरा काम रन गति पर लगाम कसना है जिससे कि वह दबाव बना सके और विकेट ले सके। मैं ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने का आदी हूं जो मेरे से बेहतर है और जिसमें मेरे से अधिक विविधता है। मेरा काम जितना हो सके उतनी कसी हुई गेंदबाजी करना है और उम्मीद है कि इससे दबाव बनेगा और वह व्यक्ति विकेट ले सकेगा।'

## आरसीबी के लिए चेपक में खेलना बड़ी चुनौती



**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। वाटसन ने कहा, 'आरसीबी के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी, विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए। सुपरकिंग्स की ताकत का मुकाबला करने के लिए आरसीबी को अपने टीम संयोजन में बदलाव करने की जरूरत होगी। लेकिन कोई गलती नहीं करें - चेपक एक किला है।'

## इंपेक्ट प्लेयर नियम से ऑलराउंडर को नुकसान



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि आईपीएल में इंपेक्ट प्लेयर नियम फिलहाल काम कर रहा है लेकिन यह कभी ना कभी ऑलराउंडर के विकास में समस्याएं खड़ी कर सकता है। इस नियम पर लोगों की राय अलग-अलग है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसे कम से कम 2027 के सत्र तक लागू किया है। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज मिलने से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को पहली ही गेंद से आक्रामक रुख अपनाने का मौका मिलता है। इसी तरह बाद में गेंदबाजी करने वाली टीम ऑलराउंडर की जगह अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को खिला सकती है।

# आईपीएल : सूरमा गेंदबाजों की हो रही धुनाई पाटा पिचों पर इज्जत का हो रहा कचरा...

### पैट कमिंस ने कुटवाए 60 रन

आईपीएल के इसी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज और टीम के कप्तान पैट कमिंस की भी जमकर धुनाई हुई। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर्स में कुल 60 रन कुटवा दिए। पैट कमिंस इस समय आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 3 गेंदबाज हैं।



### मोहम्मद सिराज ने लुटाए 54 रन

इस बार मोहम्मद आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जगह गुजरात टाइटन्स की टीम में खेल रहे हैं। वह पहला मुकाबला 25 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने उतरे, जहां वो 4 ओवर्स में 54 रन लुटा बैठे, उनको एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं इकोनॉमी रेट भी 13.50 रहा। सिराज की बेस्ट रैंकिंग इस समय वनडे में है, वह 14वें पायदान पर हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। अब तक दुनिया की सबसे बड़ी टी20 क्रिकेट लीग के 5 मुकाबले हो चुके हैं। लेकिन आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों में गेंदबाजों के आंकड़ों के रुझान देखे जाएं तो उनकी हालत खराब दिख रही है।

कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, विशाखापत्तनम और अहमदाबाद में हुए इन मैचों में ज्यादातर पिचों का मिजाज पाटा (बल्लेबाजी के लिए आसान पिच) रहा है। यही कारण है कि बल्लेबाजों का जहां मन कर रहा है, वो उस तरफ गेंदों को मार रहे हैं। देखा जाए तो इस दौरान आईपीएल में कई गैरअनुभवी गेंदबाजों को तो बल्लेबाजों पर लगाम लगाने में मुश्किल आ रही है। वहीं आईपीएल के दिग्गज गेंदबाज भी फुस्स हो रहे हैं। आइए आपको बताते हें ऐसे ही गेंदबाजों के बारे में...

### आर्चर ने 4 ओवर में दिए 76 रन



*इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर की इस समय आईसीसी टेस्ट रैंकिंग 10 है। वह इस बार राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा हैं। 23 मार्च को हुए आईपीएल मुकाबले में वो सनराइजर्स हैदराबाद के खिफाल बेहद महंगे साबित हुए और अपने 4 ओवर्स में 76 रन 19 के इकोनॉमी रेट से लुटा बैठे। ईशान किशन ने तो जोफ्रा के एक ही ओवर में 3 छक्के भी जड़े थे।*

### बिश्नोई के नाम 53 रन देने का रिकार्ड

कभी टी20 के नंबर एक गेंदबाज रह चुके रवि बिश्नोई की भी इस आईपीएल सीजन के एकमात्र मुकाबले में हालत खराब दिखी है। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में 4 ओवर्स में 53 रन देकर 13.25 की इकोनॉमी रेट से 2 विकेट लिए। वह वर्तमान में नंबर 6 टी20 बॉलर हैं। रवि बिश्नोई का टेस्ट और वनडे डेब्यू नहीं हुआ है।



### महीश तीक्ष्णा ने गंवाए 52 रन



24 साल के श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्ष्णा इस बार आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से ना खेलकर राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे हैं। राजस्थान की ओर से खेलते हुए उनकी भी हैदराबाद संग मुकाबले में जमकर पिटाई हुई, वह 4 ओवर्स में 52 रन लुटा बैठे और 2 विकेट झटक पाए। वर्तमान में तीक्ष्णा वनडे फॉर्मेट के नंबर 1 तो टी20 के नंबर 7 गेंदबाज हैं।

# अर्जेंटीना को मेसी के 2026 फीफा विश्व कप तक खेलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स



अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेसी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, 'हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।'मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को 1-0 से हराया था। इन दोनों ही मैच में मेसी नहीं खेले थे। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेसी जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हैं।

## रीतिका पहले सीनियर एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण की राह पर

**अम्मान।** ओलंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई चैंपियनशिप के महिला 76 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए बिना कोई अंक गंवाए गुरुवार को यहां फाइनल में जगह बनाई जबकि उनकी तीन अन्य हमवतन भारतीय पहलवान भी कांस्य पदक की दौड़ में हैं। रीतिका ने फाइनल में जगह बनाने के दौरान जापान की नोडोक यामामोतो और कोरिया की सियोयिओन जियोंग को हराया। रीतिका ने पहले जियोंग को तकनीकी दक्षता से हराया। भारतीय पहलवान ने टेक-डाउन मूव से अंक जुटाए और फिर विरोधी खिलाड़ी के पैर को पकड़कर दो और अंक जुटाए। रीतिका ने इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी के पैर पकड़कर अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम किया। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यामामोतो के खिलाफ रीतिका ने जियोंग के खिलाफ अपनाई रणनीति को दोहराया और दूसरे पीरियड में 6-0 के स्कोर पर विरोधी खिलाड़ी को चित्त करके जीत दर्ज की।



## ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़, यह बजट पेरिस से दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्टूबर में भारतीय ओलंपिक संघ ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी।

अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपए से 64,000 करोड़ रुपए के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां 'समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी' शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया। इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।




### इन देशों ने दिखाई रुचि

कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।



### करमाकर के निलंबन पर की जाएगी चर्चा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने गुरुवार को कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता जॉयदीप करमाकर को पश्चिम बंगाल में सभी निशानेबाजी गतिविधियों से निलंबित किए जाने के बारे में उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। पश्चिम बंगाल राइफल संघ ने राइफल कोच करमाकर को राज्य में निशानेबाजी से संबंधित गतिविधियों से प्रतिबंधित करने का कदम तब उठाया जब इस ओलंपियन ने साल के शुरु में उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन पर सवाल उठाए थे।





**TRN Energy Private Limited**
Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi - 110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)
Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

**Ref. No.: TRNEPL/ASH/2024-25/03 Dated: 26.03.2025**

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

Through advisory dated 15th March 2024, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to prepare a panel of transportation agency every year based on competitive bidding for transportation to Road Projects / Embankments / mines etc. in slabs, which may be used for period FY 2025-26.

In this connection, M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors as under:-

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Ash Transporters Panel for FY 2025-26 at 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1034 | 10.04.2025 @ 14:00 Hrs. |

Detailed scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details. The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details: Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**

**TRN Energy Private Limited**
Registered Office: 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg New Delhi – 110057
Corporate Office : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall NH – 8, Gurgaon – 122002 (Haryana)
Ph: 0124–2719000; Fax: 0124–2719185
E-Mail:: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

**Ref. No.: TRN/COAL-TRUCK SEALING&GPS/2024-25/01 Dated: 26.03.2025**

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected fch with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for providing Truck Sealing, Gps Tagging, Tracking and Monitoring on a Real Time Basis for the Coal Transportation from Various Mines of SECL & MCL-IB Valley to TRNEPL.

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Truck Sealing & GPS services at 2x300MW TRN Energy TPP | 1035 | 31.03.2025 @ 14:00 Hrs. |

Details of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/ epspropartner/product/login-screen and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details. The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details: Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**

# दिल्ली में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

एआईसीसी ने संगठन को मजबूती देने छत्तीसगढ़ के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की दिल्ली में बैठक बुलाई है। कांग्रेस में संगठन के मामलों लगातार टकराव को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण होगी। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में दिल्ली में जिला अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक शुरू होने जा रही है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस बैठक में दिल्ली के बजाय पार्टी को जिलों से चलाने पर चर्चा कर सकते हैं।

बताया गया है कि पार्टी को जिलों पर अधिक

## संगठन को मजबूती देने पर राहुल गांधी करेंगे चर्चा

ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। कांग्रेस लीडरशिप की बैठक में राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल भी शामिल होंगे। यह बैठक कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन में आयोजित होगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक 27, 28 मार्च और 3 अप्रैल को कई सत्रों में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की दूसरी बैठक 3 अप्रैल को होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में प्रस्तावित सिस्टम के बदलाव पर चर्चा होगी, इसके बाद इसे अहमदाबाद में होने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा। जहां इस पर चर्चा के बाद पार्टी में बदलाव के प्रस्ताव को अधिवेशन में पास किया जाएगा।

### बैज आज जाएंगे दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार को दिल्ली जाएंगे। बताया जाता है कि पार्टी नेताओं से मुलाकात करेंगे। साथ ही संगठन में नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा करेंगे।

## चार बच्चों की हत्या कर खुदकुशी की

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और उसके बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव के निवासी राजीव कुमार (36) ने घर में अपने ही चार बच्चों स्मृति (12), कीर्ति (नौ), प्रगति (सात) और ऋषभ (पांच) की पहले धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और दूसरे कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी।

# शाह 4 को रायपुर में नक्सल मुद्दों पर करेंगे बैठक, पांच को जाएंगे दंतेवाड़ा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिववसीय दौरे पर आने वाले हैं। चार अप्रैल की शाम को यहां पहुंचने के बाद वे रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रदेश के अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दों पर बैठक करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन वे दंतेवाड़ा जाएंगे, जहां पर वे पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे।


केंद्रीय मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद प्रदेश में लगातार नक्सलियों पर एक्शन हो रहा है। श्री शाह से मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का ऐलान किया है। इसके बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इस बीच अब एक बार फिर से श्री शाह का छत्तीसगढ़ आने का दौरा बना है।

पहले उनका यहां पर तीन अप्रैल को आने का कार्यक्रम बना था, इसमें उनको दंतेवाड़ा के पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होना था, लेकिन अब उनका यहां पर दो दिनों का दौरा तय किया गया है। इसमें वे चार अप्रैल को रायपुर आएंगे और यहां पर आने के बाद नक्सल मुद्दों पर समीक्षा करेंगे। ऐसा माना जा रहा है श्री शाह के साथ बैठक के बाद नक्सलियों के खिलाफ एक्शन में और तेजी आएगी।

## मुठभेड़ में मार गिराए दो आतंकी

**जम्मू।** कठुआ के जुथाना इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो आतंकी मारे गए। मुठभेड़ में एक अधिकारी समेत 4 जवान घायल हो गए। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जैसे ही सुरक्षाबल संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, उन पर भारी गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में एसडीपीओ बॉर्डर डीवाईएसपी धीरज कटोच समेत तीन जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें इलाज के लिए मेडिकल सुविधा में ले जाया गया है। अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com